वर्ष : 18 अंक: 92 ग्वालियर

रविवार 04 मई 2025

पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छतीसएढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# तिहाड़ जेल में वसूली रैकेट का पर्दाफाश, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली के तिहाड़ जेल में जबरन वसूली रैकेट को लेकर शिकायत सामने आने के बाद सीबीआई ने इसकी जांच शुरू कर दी है। यह रैकेट कथित रूप से जेल अधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डी।के। उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने केंद्रशासित प्रदेश के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश दिया था कि वह एक फैक्ट फाइंडिंग गठित कर यह पता लगाएं कि तिहाड़ जेल में चल



रहे वसूली रैकेट में कौन कौन से अफसर शामिल हैं। दिल्ली हाईकोर्ट को केंद्रीय जेल संख्या 8 और अर्ध-खुली जेल के निरीक्षण करने वाले जज की सीलबंद रिपोर्ट सौंपी गई, जिसमें जेल के भीतर संगठित आपराधिक गतिविधियों, अधिकारियों की भूमिका और सुविधाओं के बदले में कैदियों से की जा रही जबरन वसूली के चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। रिपोर्ट में कॉल डेटा रिकॉर्ड, जेल की आधिकारिक लैंडलाइन के दुरुपयोग और जेल के अंदर-बाहर आपराधिक गठजोड़ की भी बात कही गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के संज्ञान में यह मामला एक पूर्व कैदी की याचिका के आधार पर सामने आया है। पूर्व कैदी ने तिहाड़ जेल प्रशासन पर जबरन वसूली, कैदियों की सुरक्षा में लापरवाही और अधिकारियों के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। अदालत ने कहा कि जांच करने वाले जज की रिपोर्ट में याचिकाकर्ता की भूमिका पर भी कुछ संदेह जताए हैं। फिर भी जांच की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता। दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सीबीआई ने जांच की शुरुआत जज की रिपोर्ट के आधार पर करे। याचिकाकर्ता और जेल प्रशासन दोनों को अपने-अपने पक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए।

## पीएम मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली,(ए)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसके बाद उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति लौरेंको और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 38 साल बाद अंगोला के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा है। उनकी यात्रा न केवल भारत और अंगोला के बीच संबंधों को एक नई दिशा देगी, बल्कि भारत-अफ्रीका संबंधों को भी मजबूत करेगी।पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अंगोला अपने राजनीतिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। जब अंगोला अपनी आजादी के लिए लड़ रहा था, तब भारत उसके साथ खड़ा था। आज हम कई क्षेत्रों में साझेदार हैं। भारत तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपने ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि हम अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की रक्षा ऋण सहायता प्रदान करेंगे।उन्होंने कहा कि हम अंगोला के सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण में सहायता करके खुश होंगे। अपनी विकास साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए।

## बेमौसम बारिश व ओले गिरने से मौसम के मिजाज बदले

**जबलपुर, (ए)।** शहर में शनिवार की दोपहर मौसम विभाग की चेतावनी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोप की वजह से मौसम ने अचानक करवट ली और 15 मिनिट तक की तेज बारिश के बीच ओला वृष्टि हुई। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से अन्नदाता एक बार फिर संकट में आ गया। कटाई के बाद जिन किसानों का गेहूं खेतों में या खरीदी केंद्र के बाहर पड़ा है उस गेहूं की चमक फीकी पड़ने की संभावना हैं। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में बदलाव आया और बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की वजह से सबकुछ अस्त-व्यस्त हो गया। बेमौसम बारिश और ओला गिरने से गेहूं व चना सहित अन्य दलहनी फसलों को भारी नुकसान हुआ।

बेमौसम बारिश व ओला वृष्टि की वजह से जिन किसानों के गेहूं की फसल कटकर खलियानों मे रखी है



या जिन किसानों का गेहूं तुलाई के लिए खरीदी केंद्रों के बाहर पड़ा है उसे नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार की वजह से पनागर तहसील के ग्राम खजरी खिरिया, बरौदा, मचला, सिहोरा तहसील के गोसलपुर, रामपुर, दर्शनी, पौड़ापौडी, पाटन तहसील के ग्राम खिरवा, बरगी तहसील के खिरका खेड़ा सहित अन्य गांव में कटाई के बाद रखी गेहूं की फसल भींग गई। वहीं दलहनी फसलों में उड़द, मसूर, सरसों की फसलों की अभी बुवाई हुई है।

## पहलगाम हमले के बाद पहली बार पीएम मोदी से मिले उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली,(ए)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली सीधी बातचीत थी। करीब 30 मिनट चली इस बैठक में हमले के बाद की सुरक्षा स्थिति, आतंकवाद के खिलाफ केंद्र की रणनीति और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।नेशनल कांफ्रेंस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सीएम उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री मोदी को आश्वासन दिया कि केंद्र द्वारा लिए जाने वाले किसी भी निर्णायक कदम में जम्मू-कश्मीर प्रशासन पूरी तरह से सहयोग करेगा, विशेषकर सुरक्षा और आतंकवाद से निपटने के मसलों पर। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब केंद्र सरकार पाकिस्तान को लेकर कड़ा रुख अपना रही है।

## पर्यटकों की रेटिंग से एमपी को मिला अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड

**भोपाल(ए)।** भोपाल की पलाश रेसीडेंसी समेत एमपी टूरिज्म की 13 यूनिट्स को अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड मिला है। इनमें खजुराहो, महेश्वर, पचमढ़ी, पेंच की होटल्स भी शामिल हैं। प्रदेश ने टूरिस्टों की रेटिंग से यह खिताब हासिल किया है।जानकारी के अनुसार, पर्यटक मार्गदर्शी संस्था ट्रिप एडवाइजर स (यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका) के ट्रेवलर्स च्वाइस अवॉर्ड-2025 में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की 13 इकाइयों ने ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रैवलर्स च्वाइस अवॉर्ड दिया गया।

# रूस में 9 मई को होने वाली विजय परेड में शामिल नहीं होंगे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस ने इस साल विक्ट्री डे समारोह में आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने अपनी यात्रा रद्द कर दी। अब उनकी जगह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अब भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 9 मई को मॉस्को में आयोजित होने वाले रूस के विजय दिवस परेड में भाग लेने की संभावना नहीं है।रूस की विक्ट्री डे परेड द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के तौर पर आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम रूस की राष्ट्रीय शान का प्रतीक माना जाता है और इसमें कई वैश्विक नेता व सैन्य प्रतिनिधि हिस्सा लेते हैं। हालांकि, रूस की ओर से प्रधानमंत्री



मोदी की यात्रा रद्द करने के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया।

## संजौली मस्जिद को गिराने के आदेश

**शिमला (ए)।** हिमाचल प्रदेश में विवादित संजौली मस्जिद को शिमला नगर निगम आयुक्त ने पूरी तरह तोडने् के आदेश दे दिए हैं। शनिवार को निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने मस्जिद को गैर कानूनी बताते हुए निचली 2 मंजिलें भी हटाने को कह दिया है।यह फैसला तब आया है जब वक्फ बोर्ड निगम की अदालत में मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक के कागज ही पेश नहीं कर पाया। यही नहीं, मस्जिद का नक्शा और किसी भी तरह की एनओसी भी मस्जिद कमेटी के पास नहीं है। जबकि, वक्फ बोर्ड लंबे समय तक जमीन पर मालिकाना हक का दावा करता रहा। अब मुस्लिम पक्ष का इस मामले में कहना है कि ऑर्डर को पूरी तरह पढने् और समझने के बाद ही आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# कृषि आधारित उद्योगों के लिए सरल और अनुकूल हैं राज्य सरकार की नीतियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल(ए)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित 'कृषि उद्योग समागम-2025' में खाद्य प्र-संस्करण उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में कहा कि खुशहाल कृषक और उन्नत कृषि मध्यप्रदेश की पहचान है। खाद्य प्र-संस्करण से जहां उद्योगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, वहीं किसान भी आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संचालित राज्य सरकार का संकल्प भी यही है। कृषि आधारित उद्योगों के लिए हमारी सरकार सरल व अनुकूल नीतियों का निर्माण कर उद्यमियों को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 3812 करोड़ की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, भूमि-पूजन हुआ है। इससे स्थानीय स्तर पर 6850 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कृषि संबंधी उद्योगों की संभावनाओं पर निवेशकों से चर्चा की। साथ ही



नीमच-मंदसौर जिले में नवीन उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को आशय प्रमाण पत्र (लेटर ऑफ इन्टरेस्ट) भी प्रदान किए गये हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के दरवाजे निवेशकों के लिए हमेशा खुले हैं। सरकार निवेशकों के मार्ग की सभी बाधाएं हटाने का काम कर रही है। हम सब प्रदेश की उन्नति के लिए संकल्पबद्ध हैं। सरकार हरसंभव सहयोग के लिए निवेशकों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्यानिकी क्षेत्र में 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में बिजली पानी एवं बेहतर सड़क की सुविधा के साथ ही औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीतियां उपलब्ध हैं। औद्योगिक निवेश के लिए प्रदेश में बेहतर वातावरण है। उन्होंने कहा कि प्रति बीघा गेहूं के उत्पादन में मध्यप्रदेश ने अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले इस तरह के आयोजन बड़े शहरों में ही होते थे, परंतु अब हमने संभाग एवं जिला स्तर पर भी इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने का निर्णय लिया है और इसकी शुरुआत आज मंदसौर जिले से हुई है। राज्य सरकार सभी प्रकार के निवेशकों को समान रूप से निवेश के अवसर उपलब्ध करा रही है।मुख्य सचिव श्री अनुरागजैन ने कहा कि मध्यप्रदेश को रोजगारोन्मुखी बनाना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। उनका मानना है कि इसके लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की ग्रोथ रेट देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक है। जीडीपी में भी कृषि का योगदान 44 प्रतिशत है।

भारत का पहला एआई डेटा सेंटर पार्क नवा रायपुर मे

# डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम

**रायपुर छत्तीसगढ़ ।** देश के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर पार्क की नींव आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के सेक्टर-22 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रखी। यह डेटा सेंटर पार्क 13.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जिसमें 2.7 हेक्टेयर हिस्सा विशेष आर्थिक क्षेत्र (स्र्ध्) के रूप में विकसित होगा। रैक बैंक डेटा सेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित यह परियोजना पूरी तरह एआइ सेवाओं को समर्पित होगी। पहले चर मेगावाट क्षमता से शुरू होकर इसे 150 मेगावाट तक विस्तारित किया जाएगा। भविष्य में इस परियोजना में लगभग 2000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश संभावित है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस डेटा सेंटर को हरित और ऊर्जा दक्ष तकनीक के अनुरूप डिजाइन किया गया है।

यहां से न केवल स्टोरेज और प्रोसेसिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हेल्थटेक, डिफेंस, फिनटेक और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक सेवाएं भी दी जाएंगी। पार्क में त्नक्क आधारित हाई-एंड कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, रिकॉर्डिंग, लाइव डेटा स्ट्रीमिंग, और ढ्ढ प्रॉसेसिंग जैसी विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी।

इस परियोजना के जरिए लगभग 500 प्रत्यक्ष और 1500 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर तैयार होंगे। खास बात यह है कि इसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे



छत्तीसगढ़ न केवल तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी बनेगा बल्कि युवाओं के लिए नई संभावनाएं भी खुलेगीं। इस सेंटर के जरिए त्नक्क आधारित हाई-एंड कंप्यूटिंग, लाइव डेटा स्ट्रीमिंग, एआई प्रोसेसिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी वैश्विक स्तर की सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। इसका असर हेल्थटेक, फिनटेक, स्मार्ट एग्रीकल्चर और रक्षा क्षेत्र में बड़े बदलावों के रूप में दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह सिर्फ एक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के भविष्य की नींव है। उन्होंने इसे राज्य के युवाओं, किसानों और आदिवासी समुदाय के लिए परिवर्तनकारी बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ अब डिजिटल भारत की धड़कन बनेगा।

# सीएम योगी ने दी चेतावनी: अधिकारी नक्शा पास करने में न लगाएं बार-बार आपत्ति

**लखनऊ(ए)।** विकास प्राधिकरणों में नक्शा पास करने के मामलों को लंबित रखने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास विभाग के अधिकारियों कड़ी हिदायत दी है। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों को बार-बार आपत्ति लगाकर नक्शा को लटकाए रखने की प्रवृत्ति से बाज आने को कहा है। उन्होंने कहा कि नक्शा पास करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाते हुए एक ही बार में नक्शा पास करने की व्यवस्था बनाएं। सीएम ने लंबित नक्शा पास करने के लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए भी समय सीमा तय करते हुए कार्यवाही करने को कहा है। साथ ही 59 शहरों में से शेष बचे शहरों का मास्टर प्लान इसी महीने तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को आवास विभाग के क्रियाकलापों की समीक्षा कर रहे थे।समीक्षा बैठक में शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी कामों



को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6.7 किमी लंबे अंडरग्राउंड मेट्रो रेल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। कॉरीडोर एक और दो का काम साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। दूसरा चरण 2026 तक पूरा होगा। लखनऊ में चारबाग से बसंतकुंज तक (11.165 किमी) मेट्रो रेल की प्रक्रियाचल रही है।

बैठक में आगामी तीन माह में उत्तर प्रदेश टाउन एंड कंट्री प्लानिंग अधिनियम-2025, लैंड पूलिंग पॉलिसी-2025 और भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 जैसे महत्वपूर्ण नीति लागू करने पर चर्चा हुई है। इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति के अंतर्गत क्रियाशील परियोजनाओं को पूर्ण कराने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जल्द लागू करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार के साथ ही जेपीएनआईएसी को लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के प्रारूप सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ इंटरनेशनल एक्जीबिशन-कम-कंवेंशन सेंटर को दो साल में पूरा करने के निर्देश दिए। यह 900 करोड़ की लागत से 32.50 एकड़ भूमि पर बनेगा। मुख्यमंत्री ने लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी जिलों को समाहित करते हुए 27826 वर्ग किमी में बनने वाले एससीआर की डीपीआर जल्द बनाने के निर्देश दिए हैं।

यूपीः ओपी राजभर ने किया अखिलेश पर तीखा हमला, कहा- ठगने के सिवाए कुछ नहीं कर सकते सपा प्रमुख12 शहरों में नई आवासीय योजनाएं

मुख्यमंत्री को बताया गया कि शहरी विस्तार, नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मंजूर परियोजनाओं को जून से दिसंबर 2025 तक लांच किया जाएगा। झांसी, बरेली, अलीगढ़, सहारनपुर, आगरा (ककुआ), कानपुर (न्यू कानपुर सिटी योजना), मथुरा (ट्रांसपोर्ट नगर), मुरादाबाद (डिडौसी), बुलंदशहर, गाजियाबाद, मेरठ और लखनऊ इसमें शामिल है। प्रदेश के 59 शहरों का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। इसमें 42 का पास हो चुका है।

## बस्तर में तेंदूपत्ता घोटाला-11 प्रबंधकों पर गिरी गाज, नोटिस जारी, बर्खास्तगी की राह पर!

**जगदलपुर(ए)।** आईएफएस अधिकारी अशोक पटेल की गिरफ्तारी के बाद, बस्तर संभाग के सुकमा वन मंडल में तेंदूपत्ता बोनस वितरण में हुई गड़बड़ी को लेकर कड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक के आदेश पर सुकमा द्वारा 11 लघु वनोपज संग्रहण समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इन प्रबंधकों पर बोनस वितरण में धांधली करने का गंभीर आरोप है, और यदि वे संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं, तो इन्हें सेवा से पृथक किया जा सकता है।सुकमा वन मंडल में वर्ष 2021-22 के तेंदूपत्ता सीजन में 6 करोड़ रुपये से अधिक की बोनस राशि के वितरण में गड़बड़ी हुई थी। इस मामले में सुकमा के पूर्व डीएफओ अशोक पटेल को निलंबित कर जेल भेज दिया गया है।

## लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नशे के सख्त खिलाफ

**कोटा(ए)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में कोटा शहर में चल रहे विकास कार्यों और जनसुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से शहर में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर गहरी चिंता जताते हुए प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए।लोकसभा अध्यक्ष ने प्रस्तावित संविधान पार्क की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि डिजिटल तकनीक का उपयोग कर पार्क को संविधान से जुड़ी जानकारी देने वाला प्रेरक केंद्र बनाया जाए। युवाओं के लिए इंटरएक्टिव माध्यमों से संविधान निर्माताओं, उद्देश्यों और संविधान सभा की चर्चाओं को समझने की व्यवस्था की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि चिन्हित भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो। बिरला ने कहा कि मानसून से पहले जलभराव वाले क्षेत्रों, नालों और सड़कों की डीपीआर तैयार कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्देश



दिए कि नगर निगम, केडीए और संबंधित विभागों के अधिकारी फील्ड में रहकर रोड लाइट, फुटपाथ और सफाई व्यवस्था की निगरानी करें।

बिरला ने शहर के सौंदर्यीकरण के तहत अवैध होर्डिंग्स हटाने, दोषियों पर जुर्माना लगाने और आवश्यकता अनुसार एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। फुटपाथों पर खड़े वाहनों को हटाने और किसी गरीब को बिना परेशान किए व्यवस्थित करने की योजना बनाई जाए। उन्होंने सरकारी जमीनों की पहचान कर लैंड बैंक तैयार करने, सामुदायिक भवनों, पार्कों और स्टेडियमों के रखरखाव की कार्य योजना तैयार करने और सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

# चौंडपुर तालाब में गहरीकरण के साथ ही रिचार्ज शाफ्ट का कार्य भी

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन बावडियों का संरक्षण



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के नेतृत्व में श्योपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और जल संवर्धन के विभिन्न कार्य संचालित है। इसके साथ ही आम लोगों, जल संरचनाओं का संरक्षण करने तथा विभिन्न माध्यमो से जल स्तर बढाये जाने के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार श्योपुर जिले में एक सैकडा से अधिक बडे तालाबों के गहरीकरण और सुदृढीकरण का कार्य संचालित है, इसके साथ ही बडी संख्या में खेत तालाब का निर्माण भी किसानों के खेतो में किया जा रहा है, हाल ही में 350 से अधिक खेत तालाबों को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है, खेत तालाब खेतो का पानी खेत में ही रोकने में कारगर सिद्ध हुए है, इससे न केवल जल स्तर बढता है, बल्कि सिंचाई के समय आवश्यकता पडने पर किसान अपने-अपने तालाबों से सिंचाई भी करते है, इसके साथ ही खेत की मिट्टी में नमी बनी रहती है, जो फसल उत्पादन के लिए लाभदायक है। इसी क्रम में श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम चौंडपुर में पुराने तालाब का जीर्णोद्धार करते हुए गहरीकरण एवं सौन्द्रीयकरण का कार्य ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। गहरीकरण के चलते चौंडपुर तालाब में जलभराव क्षमता डेढ गुना होना संभावित है। इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की विशेष पहल और नवाचार के तहत श्योपुर जिले में पहली बार रिचार्ज शाफ्ट के माध्यम से भूमिगत जलस्तर बढाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते चौंडपुर तालाब में भी रिचार्ज शाफ्ट किया गया है, जो पानी को जमीन में उपयुक्त स्थान पर भेजने के लिए कारगर सिद्ध होगा और चौंडपुर क्षेत्र के जलस्तर में वृद्धि होगी। परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री विक्रम जाट ने बताया कि ग्राम रतोदन में भी दो स्थानों पर रिचार्ज शाफ्ट बनाये गये है, इसके साथ ही तीन-तीन लाख रूपये की लागत से चार किसानों के यहां खेत तालाब का निर्माण संचालित है। उन्होने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा प्राचीन बावडियों के संरक्षण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में अभी तक 24 बावडियां चिन्हित की गई है, जिनकी साफ-सफाई की जा रही है तथा बावडियों को पुर्नजीवित करने के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोतो का सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बर्धाबुजुर्ग, चन्द्रपुरा-फिलोजपुरा तथा रतोदन में बावडियों के जीर्णोद्धार कार्य संचालित है।

# आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को नोटिस जारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री नितिन मित्तल द्वारा कलारना, ढेगदा के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलारना ए केंद्र पर पर्याप्त संख्या में बच्चे नहीं मिलने पर कार्यकर्ता श्रीमती रुकमणी बाई आदिवासी को नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार कलारना बी की श्रीमती अंजू सिकरवार, कलारना डी की कार्यकर्ता श्रीमती चंदा आदिवासी, ढेंगदा ए की कार्यकर्ता श्रीमती पदमा गोड को केंद्र पर अव्यवस्था मिलने पर नोटिस जारी किया गया। केंद्र पर साफ-सफाई नहीं मिलने पर बच्चे नहीं मिलने पर सहायिका कलारना ए श्रीमती बर्फी आदिवासी, कलारना बी की सहायिका श्रीमती अश्विनी आदिवासी, कलारना डी की सहायिका श्रीमती कृष्णा आदिवासी, ढेंगदा ए की श्रीमती ममता आदिवासी को नोटिस जारी कर कार्यवाही को गई।

# लाभ लेने के लिए नगरीय निकाय अथवा जनपद पंचायतो में 15 दिन पहले कराये पंजीयन

## गंगा दशहरा पर सामुहिक विवाह सम्मेलन 5 जून को, 20 मई तक कराये पंजीयन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 अंतर्गत श्योपुर जिले में सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है। उक्त योजना में लाभ लेने के लिए संबंधित अभिभावक विवाह सम्मेलन के लिए नियत तिथि से 15 दिन पूर्व तक संबंधित निकाय में विवाह के लिए पंजीयन करा सकते है। गंगा दशहरा के अवसर पर 5 जून को होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 20 मई नियत है। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुश्री शशिकिरण इक्का ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर 5 जून 2025 को जनपद पंचायत श्योपुर, कराहल, विजयपुर तथा नगरपालिका श्योपुर सहित नगरपरिषद बडौदा एवं विजयपुर द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे, इसके लिए 20 मई तक पंजीयन कराये जा सकेंगे। इसी प्रकार 21 नवंबर को जनपद पंचायत श्योपुर, नगरपालिका श्योपुर एवं नगरपरिषद बडौदा, 22 नवंबर को जनपद पंचायत कराहल द्वारा तथा 23 नवंबर को जनपद पंचायत विजयपुर एवं नगर परिषद विजयपुर द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे। लाभ लेने के लिए संबंधित हितग्राही परिवार अपनी-अपनी सुविधानुसार विवाह तिथियों का चयन कर नगरीय निकाय अथवा जनपद पंचायतो में विवाह आयोजन तिथि के 15 दिन पूर्व पंजीयन करा सकते है।

# समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 15 मई तक

**श्योपुर ब्यूरो।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल के पंजीयन अब 15 मई तक जारी रहेगे। उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया ने बतायास कि पंजीयन के लिए जिले में 04 केन्द्र बनाये गये है। श्योपुर में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, कराहल में विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वीरपुर में विपणन सहकारी संस्था वीरपुर एवं विजयपुर में विपणन सहकारी संस्था विजयपुर को तुअर फसल के पंजीयन के लिए केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर 15 मई तक पंजीयन कराया जा सकता है। तुअर फसल का समर्थन मूल्य 7550 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

# सिनावल आरोग्य मंदिर में सेक्टर स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

## जनसंख्या के मुताबिक निर्धारित समय-सीमा में करें लक्ष्यों की पूर्ति - प्रभारी सीएमएचओ



**दतिया।** आरोग्य मंदिर सिनावल पर सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत प्रताप सिंह यादव सहित समस्त सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर एवं सिनावल, बरगांय और भाषणाखुर्द की आशा शामिल हुईं। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ. वर्मा ने वित्तीय वर्ष का एक माह पूर्ण होने के उपरांत एचडब्ल्यूसी के सभी कार्यों की समीक्षा लक्ष्य अनुसार की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र की जनसंख्या के मुताबिक समस्त लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में रजिस्टर एवं पोर्टल पर अद्यतन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एएनएम से कहा कि लक्ष्य पूर्ण हो सके इसके लिए क्षेत्र के सभी एएनसी से समन्वय बनाकर उन्हें परामर्श प्रदान करें, ताकि एएनसी, बच्चों का टीकाकरण, पीएनसी, एचबीएनसी, एचबीबाईसी, परिवार कल्याण, मातृ मृत्यु, बाल मत्यु पर रोक जैसे लक्ष्य पूर्ण हो सके। सीएमएचओ डॉ. वर्मा ने सभी सीएचओ को निर्देश दिए कि व्हीएचएसएनडी के लिए एएनएम को जन आरोग्य समिति से जरूरत के मुताबिक सामान उपलब्ध करवायें। जिससे भविष्य में सभी आरोग्य मंदिर में सेक्टर बैठक सहजता से सम्पन्न हो सके। बैठक के दौरान आशा सुपरवाईजर, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्राथमिकता के आधार पर आयरन टेबलेट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं नये विवाहित दम्पत्तियों से सम्पर्क कर उन्हें परिवार कल्याण की सलाह प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रतिदिन सार्थक एप पर समय से उपस्थिति दर्ज करने के भी निर्देश दिए।

# सचिव ग्राम पंचायत उचिया निलंबित

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया श्री अक्षय कुमार तेमवाल ने आदेश जारी कर विगत दिवस ग्राम पंचायत ऊचियाँ के सचिव श्री नवल किशोर पटवा को मध्य प्रदेश (पंचायत सेवा पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम 204 के नियम साथ एवं मध्य प्रदेश पंचायत सेवा अनुरूप तथा अवधि नियम 1999 के तहत उक्त कृत्य शासन की हितग्राही मलक योजना के प्रति लापरवाही निर्देश की की अवहेलना करना एवं अपने कार्यों एवं दायित्व को सुधारो रूप से निर्वहन नहीं किए जाने से उदासी नव्या एवं लापरवाही के सदाचार के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि- जिला आपूर्ति अधिकारी जिला दतिया का पत्र क्रमांक 314 दिनांक 18 अप्रैल 2025 साथ संलग्न जांच प्रति वेतन 30 अक्टूबर 2024 के अनुसारज ग्राम उचिया अनुसूचित जाति समुदाय के लोग शासकीय उचित मूल्य दुकान पर माह सितंबर 2024 का राशन लेने हेतु गए थे गए तो लगभग 95 हितग्राहीयो पात्रता पर्ची बिना किसी करण के बंद होने का कारण परिवार दर्ज पात्रता श्रेणी अंतर्गत पत्र नहीं है जबकि काटे गए सभी हितगाही एसध्एसटीध्बीपील पात्रताधारी है। राशन कार्ड फर्जी तरीके से काटे गए हैं, जिस कारण से पत्र उपभोक्ताओं को माह सितंबर अक्टूबर 2024 का राशन का लाभ लेने से वंचित किए गए थे। श्री नवल किशोर पटवा सचिव ग्राम पंचायत उचिया दोबारा स्वयं एम, राशन मित्र पोर्टल पर सत्यापन करते हुए अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन कराए गए थे। फर्जी तरीके से श्री लोकेंद्र अम्म ओआईसी जनपद शिमला द्वारा अपनी एम एम राशन मित्र की लॉगिन आईडी से बिना किसी कारण के बंद किए गए हैं इस कृति के लिए श्री नवल किशोर पटवा सचिव के विरुद्ध अनुशासनतमक कार्रवाई किए जाने हेतु प्रति वेतन प्रसिषि किया गया है। श्री पटवा सचिव के द्वारा शासन की महत्वपूर्ण आकांक्षी योजना एवं राशन मित्र के क्रियान्वयन मे लापरवाही एवं उदासीनता बढ़ते जाने से प्रथम दृश दृष्टिया दोषी है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय ग्राम पंचायत उचिया जनपद सेवढा रहेगा। श्री पटवा को जीवन निर्वाह पत्ता के नियम अनुसार पात्रता होगी साथ ही श्री संजय शर्मा सचिव ग्राम पंचायत मुरगुवॉ को ग्राम पंचायत ऊचियॉ का अति,सचिव प्रभार वैकल्पिक व्यवस्था स्वरूप अस्थाई रूप से अन्य आगामी आदेश तक सौपा जाता है।

# टीआई शक्ति सिंह यादव और ए एस आई गुर्जर का हुआ विदाई समारोह

## नवागत थाना प्रभारी महेश शर्मा ने संभाली थाने की कमान



**मेहगांव।** पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव ने अभी हाल ही में मेहगांव थाना प्रभारी महेश शर्मा को बनाया है नगर निरीक्षक शक्ति सिंह यादव के स्थानांतरण होने के बाद एवं ए एस आई राजेन्द्र सिंह गुर्जर का सेवानिवृत होने पर मेहगांव थाने पर विदाई समारोह कार्यक्रम किया गया नवागत थाना प्रभारी महेश शर्मा सहित समस्त पुलिस स्टाफ ने शक्ति सिंह यादव और राजेंद्र सिंह गुर्जर को साल श्रीफल एवं कोतवाल सरकार की तस्वीर देकर सम्मान पूर्वक विदाई दी इस अवसर पर नवागत थाना प्रभारी ने कहा कि मेहगांव थाना क्षेत्र में जुआ सट्टा अवैध शराब और अपराधियों की खेर नही है वेवजह अगर किसी व्यापारी या आमजन को किसी ने परेशान किया तो उसको बक्सा नही जाएगा इस अवसर पर अशोक तिवारी विवेक शर्मा रामप्रकाश सिंह राजेश त्यागी भगवती थापक पुरुषोत्तम राजौरिया शिटू गुर्जर राजेश व्यास शिवा करैया दिनेश मुदगल सतेंद्र शर्मा ने वधाई और शुभकामनाएं दी।

# नागौद में असफल कूपों का रिचार्ज प्रयोग शुरू

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में असफल कूप और नलकूपों को रिचार्ज पिट के रूप में विकसित करने का नवाचार प्रयोग किया जा रहा है। सतना जिले में ऐसे 148 असफल नलकूप चिन्हित किये गये हैं। जिनमें खनन के बाद पानी नहीं निकला। लगभग 200-300 फिट गहरे इन असफल नलकूपों का प्रयोग वर्षा के जल को जमीन के भीतर पहुंचाकर भूजल स्तर के रिचार्ज में किया जा रहा है। जनपद पंचायत नागौद में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत बेलगहना, सिंहपुर, बारा पत्थर और नवस्ता में 12 असफल नलकूपों का एक्यूफर रिचार्ज का कार्य प्रारंभ किया गया। इस मौके पर सीईओ अशोक मिश्रा, सहायक यंत्री बीएल गुप्ता, उपयंत्री कौशल पटेल, हेमंत तिवारी, निशा तिवारी सहित सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण




**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को रामपुर बघेलान विकासखंड के बम्होरी, जमुना, बीदा आदि ग्रामों के भ्रमण के दौरान बाणसागर की नहर, जल निगम के कार्य और ब्रिज कॉर्पोरेशन के संचालित निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने उचेहरा के नंदहा में बरगी की नहर और जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछाने के कार्य और ले आउट का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विद्युत लाइन और जल संसाधन जल निगम राजस्व तथा अन्य विभागो के समन्वय के कार्यों का मौके पर जायजा लिया और क्रियान्वन में आ रही कठिनाइयों का निराकरण किया।

# राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर 6 एवं 7 मई को सतना एवं मैहर जिले के प्रवास पर रहेंगी



**सतना।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार राज्यमंत्री श्रीमती सांवित्री ठाकुर 6 मई को दोपहर 12 बजे अमरकंटक जिला अनूपपुर से सडक मार्ग द्वारा सायं 4 बजे सर्किट हाउस सतना आयेंगी। इसके बाद राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर रात्रि विश्राम मैहर या सतना के सर्किट हाउस में करेंगी। प्रवास के दूसरे दिन 7 मई को राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर प्रातः 8 बजे मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजा करने के पश्चात प्रातः 11 बजे मैहर में आँगनबाड़ी का निरीक्षण करने के बाद सतना पहुंचकर शिशु गृह, सेवा भारती मातृछाया तथा वन स्टॉप सेंटर सतना का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर सायं 5 बजे सतना से सडक मार्ग द्वारा जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी आज सतना आयेंगी

**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 4 अप्रैल को सायं 7 बजे कार द्वारा ग्वालियर से प्रस्थान कर रात्रि 11.55 बजे सतना आयेंगी।

# रीवा आईजी श्री गौरव राजपूत के निर्देश पर सतना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः प्रधान आरक्षक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी शॉर्ट एनकाउंटर कर गिरफ्तार



**रीवा।** जोन के आईजी श्री आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर सतना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जैतवारा थाना के बैरक में घुसकर पुलिस पर हमला करने वाले आरोपी अच्छू गौतम उर्फ आदर्श को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ भी हुई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी टिकुरी अकौना मार्ग पर छिपा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी, लेकिन एसएचओ कोटर दिलीप मिश्रा बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण बाल-बाल बच गए। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना पर रीवा आईजी श्री गौरव राजपूत ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी अच्छू गौतम उर्फ आदर्श पर पूर्व में कई गंभीर अपराधों के मामले भी पंजीकृत हैं।

# मैहर में कृषि एवं सहयोगी विभागों की प्रशिक्षण बैठक संपन्न



**सतना।** कमिश्नर संभाग रीवा बीएस जामोद की अध्यक्षता में शनिवार को मैहर जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं सहयोगी विभागों का संयुक्त प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी, मत्स्य एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा की गई। इस मौके पर कलेक्टर रानी बाटड, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, संयुक्त संचालक कृषि रीवा केएस नेताम, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, उप संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह, उप संचालक पशु पालन डॉ. पीके द्विवेदी, उप पंजीयक सहकारिता विजय मिश्रा, कृषि यंत्री एसके नरवरे, उप संचालक मत्स्य अंजना सिंह सहित सभी विभागों के विकासखण्ड एवं क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने मैदानी कार्यकर्ताओं, अधिकारियों को एक-दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की सलाह दी। कमिश्नर ने सभी विभागों की योजनाओं को एक-दूसरे के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पावर पाइंट के माध्यम से विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा कृषक उनसे कैसे लाभांवित हो सकते हैं, इस पर विस्तार से बताया गया। सह प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि एवं सहयोगी विभागों के मैदानी कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे से परिचित कराना, एक-दूसरे की विभागीय योजनाओं की जानना तथा कृषकों के बीच में सेतु बनाकर कार्य करना है।

कार्यक्रम में कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना द्वारा मुद्रित सफलता की कहानियां, पुस्तक का विमोचन कमिश्नर द्वारा किया गया तथा नवाचार के अंतर्गत तीन कृषकों को सोलर ट्रेप का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप संचालक कृषि मनोज कश्यप द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला परामर्श दाता सुबोध जैन द्वारा किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत अकहा में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ



**सतना।** सतना जिले के जनपद पंचायत उचेहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अकहा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को सतना-मैहर मार्ग पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ हुआ। जिसमें गुड़ और पानी की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर सरपंच अजय कोल, सचिव तरुण मिश्रा, रोजगार सहायक राजकुमार सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल श्री पटेल का विमानतल पर आत्मीय स्वागत



**ग्वालियर।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल शनिवार 3 मई को राजकीय विमान द्वारा अपरान्ह 3 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पर पधारे। विमानतल पर राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का विमानतल पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अगवानी की। राज्यपाल श्री पटेल 4 मई को ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस की मीडिया के बंधुओं को शुभकामनाएं दीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि लोकतंत्र, एकता व प्रगति के लिए ऐसी पत्रकारिता की आवश्यकता है, जो सतर्क होने के साथ प्रत्येक मायने में स्वतंत्र भी हो। पत्रकार बंधु चुनौतियों के बीच कर्तव्य पथ पर गतिमान रहते हुए राष्टसेवा में सतत् सहभागी बने रहें यही कामना है।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रायवेट स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया 5 मई से

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किये दिशा-निर्देश

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिला सहित प्रदेश भर में निञ्शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निञ्शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किये गए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई, 2025 को निञ्शुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय (प्रायवेट) स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा। आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्रायवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निञ्शुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र (शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गयी है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, के.जी.-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, के.जी.-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्धारित तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

# राज्यपाल श्री पटेल 4 मई को संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह एवं कृषि विश्वविद्यालय के संवाद कार्यक्रम में होंगे शामिल

**ग्वालियर।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 4 मई को ग्वालियर में प्रातः लगभग 11 बजे राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। यह समारोह राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होगा। राज्यपाल श्री पटेल इस दिन सायंकाल लगभग 5.45 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पहुँचकर उप राष्टपति श्री जगदीप धनखड़ की अगवानी करेंगे। इसके बाद उप राष्टपति श्री धनखड़ के साथ सायंकाल 6.15 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय पहुँचेंगे और यहाँ पर प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों से परस्पर संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री पटेल सायंकाल लगभग 7.30 बजे मेला मैदान पहुँचकर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के सुपुत्र के विवाह पश्चात स्वागत समारोह में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री पटेल रात्रि लगभग 8.15 बजे उप राष्टपति श्री धनखड़ को विमानतल पर विदाई देने के बाद वायु मार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# ग्वालियर आर्म रैसलिंग अकैडमी बिरला नगर के 11 खिलाड़ी एशिया आर्म रेसलिंग में चयनित।



**ग्वालियर।** एशियाई आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 4 मई से 11 मई के बीच नई दिल्ली मे होने जा रहा हैं। उक्त प्रतियोगिता में एशिया कॉन्टिनेंट के 20 देशो के लगभग 500 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता मे ग्वालियर आर्म रैसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 9 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेगे। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर केशव पांडे ने बताया कि ग्वालियर, आर्म रेसलिंग के क्षेत्र में देश में अग्रडी स्थान बनाए हुए है। साथ ही देश-विदेश में अपनी अलग पहचान रखता है, ग्वालियर के खिलाड़ी अब तक 27 अंतर्राष्टीय पदक प्राप्त कर चुके हैं। खिलाड़ीयो के कोच व पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मनीष कुमार ने बताया कि अधिकांश खिलाड़ियों के पदक लाने की उम्मीद है, तथा चैम्पीयनशिप में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाडी भाग लेगे। ग्वालियर से भाग लेने वाले खिलाड़ीयों में 65 किलोग्राम में वर्ग में राजीव गुर्जर, 60 किलोग्राम पैरा सीटिंग निरंजन गुर्जर, 65 किलोग्राम परस्टैंडिंग नरेंद्र प्रजापति, सब जूनियर वर्ग में 55 किलोग्राम कुणाल राणा, 50 किलोग्राम में कनिष्क कुमार, कार्तिक गुर्जर, 45 किलोग्राम शांतनु जाट, सीनियर वूमेन 50 किलोग्राम अंजलि जाटव, रचना जाटव, यूथ वूमेन 60 किलोग्राम रोहित सिंह शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन राजीव गुर्जर करेंगे व खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए अकादमी इंचार्ज अजय प्रजापति, लक्ष्मी शर्मा, राजेंद्र मुद्गल एवं कोषाध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर ने अग्रिम बधाई दी।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने भगवान परशुराम के चल समारोह का किया भव्य स्वागत

## पुष्प वर्षा एवं भगवान परशुराम जी की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया



**ग्वालियर।** आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा एवं 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में बारादरी चौराहा मुरार पर सैकडों महिला एवं पुरूष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान परशुराम जी के चल समारोह का पुष्?पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा आतिशबाजी की गई। स्वागत के दौरान भगवान परशुराम के जयकारे गूंजते रहे। विधायक डॉ. सतीष सिकरवार ने भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम समेत रथ में सवार सभी गणमान्यों का स्वागत कर आर्शीवाद लिया। विधायक डॉ. सिकरवार द्वारा चल समारोह में शामिल विप्र बंधुओं का पुष्पहार पहनाकर कर सम्मान किया। चल समारोह का गाजे-बाजे के साथ पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया और शीतल पेयजल, सॉफ्ट ड्रिंक एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके साथ जय परशुराम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, विनोद जैन ब्लॉक अध्यक्ष, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद अंकित कठठ्ल, पार्षद सुरेन्द्र साहू, सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, बृजेश शुक्ला, जीतू कुशवाह, प्रतीक जैन 'लालू', सतेन्द्र सिकरवार, आदित्य सिंह सिकरवार, राजेश तोमर, रामअवतार जाटव, सुधीर मण्डेलिया, अताउल्ला खान, बेताल मामा, सुनील चन्द्रवंशी, सुनील रमपुरिया, महेश कुशवाह, राहुल गुर्जर, रामोबाई पटेल, शाहरूख पठान, सतेन्द्र नागर आदि सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गूँज मीडिया के स्थापना दिवस पर ग्वालियर की 101 नायिकाओं का किया सम्मान



**ग्वालियर।** गूँज मीडिया ग्रुप के तीन वर्ष सफलता पूर्वक होने पर आज शीतला सहाय कैंसर हॉस्पिटल के सभागार में ग्वालियर की 101 नायिकाओं जैसे डॉक्टर, पुलिस, शक्ति दीदी, एडवोकेट, सोशल वर्कर को सम्मानित करने हेतु नायिका अवार्ड का आयोंजन किया गया। नायिकाओं का सम्मान एवं स्वागत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बी.आर. श्रीवास्तव, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, पूर्व अधीक्षक डॉ जे.एस. सिकरवार, जय मारुती गैस सिलिंडर की टेक्निकल डायरेक्टर डॉ.मोनिका निगम, गूँज ग्रुप की डायरेक्टर कृति सिंह, अच्छेद्र सिंह कुशवाह एवं गिलिम्स ऑफ ग्वालियर की और से राहुल चौरसिया उपस्थित रहे।

# उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ 4 मई को ग्वालियर पधारेंगे

## कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**ग्वालियर।** उप राष्टपति श्री जगदीप धनखड़ 4 मई को ग्वालियर पधारेंगे। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप राष्टपति 4 मई को दिल्ली से विशेष विमान द्वारा रवाना होकर शाम 5.45 बजे वायुसेना के विमानतल पर पधारेंगे। उप राष्टपति श्री जगदीप धनखड़ शाम 5.55 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों से परस्पर संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के यहाँ आयोजित मांगलिक कार्य में शामिल होकर रात्रि लगभग 8.05 बजे ग्वालियर विमानतल से नईदिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

# स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री ने फ़ूड एण्ड ड्रग टेस्टिंग लैब का किया निरीक्षण

## राज्यमंत्री ने फ़ूड एण्ड ड्रग टेस्टिंग लैब के निरीक्षण के बाद ली मीटिंग, दिये निर्देश



**ग्वालियर।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने शनिवार को ग्वालियर में फूड एंड ड्रग्स टेस्टिंग लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने स्वास्थ्य एवं हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फूड एंड ड्रग्स टेस्टिंग लैब का शीघ्र निर्माण करायें। उन्होंने उक्त लैब के निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार योगेश जैन को निर्देश दिए कि अगर आप लिखकर आश्वासन दें कि समय सीमा में लेब का काम पूरा करेंगे तो आपको लैब के निर्माण कार्य का काम वापस दिलाया जा सकता है , उन्होंने उपस्थित मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के सिविल इंजीनियरों एवं इलेक्ट्रिक इंजीनियरों को शीघ्र फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब का कार्य करने के निर्देश दिए तथा उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव को भी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब का कार्य करने के लिए निगरानी एवं कार्य शीघ्र कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव, डीएचओ -2 डॉक्टर प्रबल प्रताप सिंह , ड्रग इंस्पेक्टर कु. अनुभूति शर्मा ,फूड ऑफिसर लोकेंद्र सिंह तथा एम.पी. हाउसिंग बोर्ड से ई.ई. दास गुप्ता , नीरू राजपूत, बसंत यादव एसडीओ रतन काकवानी, शुभम गुप्ता और भोपाल से फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब के प्रभारी राकेश जैन आदि उपस्थित थे।

# उमंग और उत्साह से भरपूर होगा समर कैम्प-3 : डॉ पूजा सिंह

**ग्वालियर।** सालभर थका देने वाली पढ़ाई के बाद आने वाले अवकाशों को यादगार बनाने के लिये लगातार तीसरी बार समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, यह कैम्प पिछली दो बार अधिक उमंग और उत्साह के साथ आयोजित होगा। जिससे बच्चे अपने भविष्य के परिश्रम के लिये तैयार हो सके। शोभा शिक्षा एवं समाज कल्याण पर्यावरण समिति की अध्यक्ष डॉ. पूजा सिंह ने बताया बच्चों के जीवन को मनोरंजक वातावरण से दिशा देने के लिये खुशियों की उड़ान समर कैम्प 3 का आयोजन 04 मई से 01 जून तक किया जा रहा है, जिसमें बच्चों स्वास्थ्य वर्धक नाश्ता और एनर्जी से भरपूर फल आपदि महैया किराये जायेंगे। यह कैम्प सुबह 06 बजे से 11 बजे तक रहेगा। जिसमें 04 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों को खेल कूद के साथ अन्य गतिविधियाँ सिखाई जायेंगी। कैम्प में बच्चों की उम्र के हिसाब से योगा, नृत्य (डांस), मार्शल आर्ट, स्केटिंग, रायफल शूटिंग व स्वीमिंग सिखाई जायेगी। इसके अलावा इस बार विशेष रूप से आर्टीफिशियल रॉक क्लारेबिंग, कमांडो नेट, हॉर्स राइडिंग, मंकी क्रालिंग, एजूकेशनल पिकनिक टूर के साथ डी.जे. नाइट का आयोजन भी किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 4 मई को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 मई को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 4.25 बजे राजकीय विमान से ग्वालियर विमानतल पधारेंगे। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात रात्रि 8.30 बजे ग्वालियर से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# महापौर डॉक्टर सिकरवार ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर विभिन्न कार्यों के बारे में अवगत कराया

**ग्वालियर।** महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिकरवार ने पेयजल एवं सीवर की सुचारू व्यवस्था, शहर के मुख्य मार्गों पर पेच रिपेयरिंग कार्य एवं वर्षा पूर्व नाला सफाई किए जाने के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय को पत्र लिखकर अवगत कराया। महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिकरवार ने पत्र के माध्यम से नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय को अवगत कराया है कि जनसुनवाई हो अथवा महापौर लोकमंत्रणा या मेयर/सभापति हेल्पलाइन सभी पर पेयजल एवं सीवर की समस्यायें बहुत अधिक आती है तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर सीवर ओवर फ्लो हो रही है तथा गंदे पानी की शिकायतें भी प्राप्त हो रही है। जिनका त्वरित निराकरण न होने के कारण जनता द्वारा जनप्रतिनिधियों से नाराजगी व्यक्त की जाती है, तथा अधिकारियों द्वारा उक्त समस्याओं का स्थाई निराकरण नहीं किया जाता है, जिसके कारण निगम की छवि धूमिल होती है। अतः जल तथा सीवर कार्य का सुचारू संधारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावे एवं मेरे उक्त सुझाव अनुसार पी.एच.ई अमले को निगम के अन्य दयित्वों से मुक्त कर मूल कार्य के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु लगाया जाए ताकि उक्त समस्याओं का सकारात्मक समाधान समय पर सम्भव हो सके। इसके साथ ही शहर के मुख्य मार्गों में मेरे द्वारा शहर भ्रमण के दौरान पाया गया है कि नगर के मुख्य मार्गो की स्थिति अत्यंत दयनीय है तथा सभी मार्गो पर छाटे-बड़े गड्ढों के कारण जहां यातायात बाधित होता है वही आये दिन प्रिंट व सोशल मीडिया के द्वारा संज्ञान में आता है कि वाहन चालक गड्ढों के कारण चोटिल होते है, जिससे निगम की छवि धूमिल होती है। शहर में वर्षा का आगमन लगभग जुलाई माह में होता है, तथा वर्षा में पेच रिपेयरिंग का प्लांट बंद होने से कार्य नहीं हो पाता है, जिसे दृष्टिगत रखते हुये वर्षा से पूर्व शहर के गड्ढों को पेंच रिपेयरिंग द्वारा भरा जाना अतिआवश्यक है।

**महापौर डॉ सिकरवार ने यह भी अवगत कराया है कि**

वर्तमान में ग्वालियर नगर निगम सीमांतर्गत शहर के समस्त छोटे-बड़े नालों की स्थिति अत्यंत दयनीय है तथा आगामी वर्षा ऋतु में नालों की सफाई न होने से जल भराव आदि विपरीत स्थिति निर्मित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में नाला सफाई हेतु सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर आवश्यकतानुसार अमला लगाया जाता था, बाद में नाला सफाई का कार्य ठेके पर दिया जाता था जिससे उक्त कार्य वर्ष भर होने से नालों की सफाई रहती थी। वर्तमान में उक्त कार्य की अनदेखी करने से शहर के समस्त छोटे-बड़े नाले सिल्ट, कीचड़ आदि से भरे पड़े है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए वर्षा पूर्व उक्त कार्य कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। अतः वर्षा ऋतु के पूर्व नाला सफाई हेतु कार्य योजना बनाकर प्राथमिकता से उक्त कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# सायबर क्राइम विंग ग्वालियर व सायबर क्राइम विंग पंजाब की संयुक्त कार्यवाही में ग्वालियर से सायबर फ्रॉड के आरोपी को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह,भापुसे को सूचना प्राप्त हो रही थी कि ग्वालियर के कुछ लोग सायबर फ्रॉड कार्य हेतु फर्जी बैंक खाते खुलवाकर उनमें फ्रॉड की राशि का स्थानांतरण करा रहे हैं। उक्त षिकायतों को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक (पूर्व/अपराध/यातायात) श्री कृष्ण लालचंदानी,भापुसे को क्राइम ब्रांच ग्वालियर की सायबर क्राइम विंग से फर्जी खाता खोलकर सायबर फ्रॉड में सम्मलित आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में डीएसपी अपराध श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक अमित शर्मा के द्वारा सायबर क्राइम प्रभारी निरी0 धर्मेन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में सायबर क्राइम विंग की टीम को फर्जी खाता खोलकर सायबर फ्रॉड में सम्मलित आरोपियों को पकड़ने हेतु लगाया गया। सायबर क्राइम विंग द्वारा ग्वालियर में स्थित सभी बैकों को संदेश दिया कि किसी भी संदेही खाते की सूचना तत्काल सायबर क्राइम विंग को उपलब्ध करायें। उक्त कार्यवाही के दौरान सायबर क्राइम विंग को सिटी यूनियन बैंक ग्वालियर में पदस्थ मैनेजर के जरिये सूचना प्राप्त हुई कि ब्रांच में एक खाता धारक आया हुआ है जिसके खाते के ट्रांजेक्शन संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं। उक्त सूचना पर से तस्दीक हेतु सायबर क्राइम विंग की एक टीम सिटी यूनियन बैंक नया बाजार पहॅुची, जहाँ खाता धारक खाते के स्टेटमेन्ट को देखा तो संदेहास्पद प्रतीत हुआ। पुलिस टीम द्वारा खाते की डिटेल्स चेक की तो ज्ञात हुआ कि उक्त बैंक खाते में सायबर फ्रॉड के तीन लाख रुपये पंजाब से क्रेडिट हुए हैं। उक्त प्रकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तो ज्ञात हुआ कि मलेरकोटला पंजाब में एक युवती के साथ 16,50,000/- की ऑनलाइन धोखाधडी की गई जिसमें से 3,00,000/- रुपये ग्वालियर स्थित एक खाते में स्थानातंरित हुए हैं। इसके संबंध में शिकायत फरियादिया द्वारा सायबर क्राइम थाना मलेरकोटला पंजाब में की गई थी। खाता धारक से पूछताछ की गई तो खाता धारक द्वारा बताया गया कि वह कमीशन लेकर खाते बेचने व रुपये निकालने का कार्य करता है। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा सायबर क्राइम थाना मलेरकोटला पंजाब पुलिस को अवगत कराया गया। आज दिनांक 03.05.2025 को सायबर क्राइम मलेरकोटला की एक टीम ग्वालियर पहॅुची जहाँ से उक्त खाता धारक आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लिया गया व आरोपी को न्यायालय से ट्राजिट वारंट प्राप्त किया गया है। सायबर क्राइम मलेरकोटला पंजाब पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**सरहानीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरी0 अमित शर्मा, सायबर क्राइम प्रभारी निरी0 धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह, निरी0 रामबिहारी शर्मा, उनि0 धर्मेन्द्र शर्मा, उनि0 हरेन्द्र सिंह राजपूत, उनि0 रवि लोधी, उनि0 कीर्ति अजमेरिया, प्र.आर0 मुकेश चौहान, आर0 शिवशंकर शर्मा, सुमित सिंह भदौरिया, गौरव भदौरिया, ओमशंकर सोनी, श्यामू मिश्रा, नवीन पाराशर, हरीओम व्यास, सोनू परिहार, रणवीर यादव, रत्नेश राजावत, रामवीर सिंह, म.आर0 सुनीता कुशवाहा, मेघा श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

# पेयजल वितरण एवं सीवर संधारण का कार्य तत्परता से हो : निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय

## समस्याओं के निराकरण पर दें विशेष ध्यान, निगम आयुक्त ने सीवर संधारण एवं पेयजल वितरण की समीक्षा की



**ग्वालियर।** शहरवासियों को नियमित रूप से शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सीवर से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी 24 घंटे में हो, यह सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल वितरण की नियमित समीक्षा करें। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शनिवार को पेयजल वितरण व्यवस्था एवं सीवर संधारण के कार्यो की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। नगर निगम के बाल भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ सीवर एवं पेयजल वितरण के लिये कार्य कर रहे ठेकेदारों को भी बैठक में बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज सहित पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने पेयजल वितरण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा है कि नगरवासियों को प्रतिदिन पेयजल वितरण की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इस व्यवस्था के तहत सभी वार्डों में आम लोगों को प्रतिदिन पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। जिन क्षेत्रों में पेयजल वितरण में कोई भी समस्या आ रही हो, उसे तत्परता से ठीक कराकर पेयजल वितरण सुनिश्चित कराया जाए। विभागीय अधिकारी पेयजल वितरण के समय अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी लोगों को पेयजल उपलब्ध हो। पेयजल वितरण के समय का भी विभागीय अधिकारी कैलेण्डर तैयार करें। आम लोगों को समय पर पानी मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए। निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिन वार्डों में पेयजल परिवहन हेतु टैंकर लगाना अनिवार्य हों वहीं टैंकर लगाए जाएं। टैंकर के माध्यम से पेयजल वितरण की भी विभागीय अधिकारी मॉनीटरिंग करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर में प्रारंभ किए गए प्याऊ भी सुचारू रूप से आम लोगों को पीने का पानी वितरित करे रहें। इसमें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आना चाहिए। निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सीवर संधारण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि शहरी क्षेत्र में कहीं पर भी सीवर की समस्या सामने आती है तो उसका निराकरण 24 घंटे के अंदर किया जाए। संबंधित ठेकेदार भी यह सुनिश्चित करें कि समस्या का निराकरण समय पर हो। विभागीय अधिकारी निरंतर मॉनीटरिंग कर समस्याओं के निराकरण को सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय स्तर पर पेयजल के लिये किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


# आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै सुरेश चंद गोयल पुत्र स्व. श्री रतन लाल गोयल एवं श्री मती सुमन गोयल पत्नी सुरेश चंद गोयल C-4 कुशल नगर ग्वालियर मैं निवास रत है हमारा छोटा पुत्र प्रशांत गोयल दुबई मै इंजिनियर के पद पर कार्यरत है, जबकि हम पति -पत्नी अत्यंत वृद्ध होकर कई बीमारियों से ग्रसित हैं, किंतु मेरे पुत्र प्रशांत गोयल द्वारा हमें किसी प्रकार का सहयोग व हमारी देखभाल नहीं की जाती है, इस कारण हमने दुखी एवं व्यथित होकर अपने पुत्र प्रशांत गोयल को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से वे दखल कर दिया है, फल स्वरुप हमारी स्व अर्जित समस्त चल व अचल संपत्ति में हमारे पुत्र प्रशांत गोयल व उसकी पत्नी रिद्धि (रिंकू) एवं उनके पुत्र ओजस का कोई हक नहीं रहेगा कृपया सूचित हो।

दिनांक 03.05.2025

प्रेषक

सुरेश चंद गोयल,

सुमन गोयल,

C-4 कुशल नगर ग्वालियर

## संपादकीय

# भारत की राष्ट्रीय शक्ति की परीक्षा

भारत इस नतीजे पर है कि पहलगाम हमले को पाकिस्तान के संरक्षण में अंजाम दिया गया। इसलिए इस रास्ते से पाकिस्तान को हटने पर मजबूर करने से पहले रुख नरम ना किया जाए। यह भारत की राष्ट्रीय शक्ति की परीक्षा है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को सख्त पैगाम देने के कदम उठाए हैं। मगर उनका असर तभी होगा, जब उनके जरिए आर-पार का परिणाम हासिल किया जाए। तात्पर्य यह कि चूंकि भारतीय जांचकर्ता इस नतीजे पर हैं कि आतंकवादी हमले को पाकिस्तान के संरक्षण में अंजाम दिया गया, तो उचित यह होगा कि इस रास्ते से पाकिस्तान को हटने पर मजबूर करने से पहले रुख नरम ना किया जाए। इस रूप में यह भारत की राष्ट्रीय शक्ति एवं संकल्प की परीक्षा है। अतीत के अनुभवों से स्पष्ट है कि प्रतीकात्मक कार्रवाइयों से भारत विरोधी आतंकवादी ढांचा खत्म नहीं किया जा सका। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हमले के बावजूद यह ढांचा बरकरार रहा और हर कुछ अंतराल पर भारत का खून बहाता रहा है, तो अब जरूरत उससे आगे बढ़ने की है। ठोस परिणाम हासिल करने के लिए जरूरी होगा कि भारत अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के दबाव में ना आए। अब तक की प्रतिक्रियाओं से साफ है कि अमेरिका ने फिलहाल इस मामले से खुद को अलग रखने का फैसला किया है। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का यह कहना कि दोनों देश उनके करीबी हैं और वे 'इस मामले को खुद हल कर लेंगे', उनके प्रशासन की अंतराष्ट्रीय विवादों में ना उलझने की नीति के अनुरूप है। अन्य हलकों से भी भारत को अधिक समर्थन मिलने की आशा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम संबंधी प्रस्ताव को अपने हक में नरम बनवा लेने में पाकिस्तान कामयाब रहा। इसमें उसे चीन का साथ मिला। मगर हैरतअंगेज यह है कि पश्चिमी देशों और रूस ने भी पाकिस्तान का नाम लेकर निंदा या भारत की जांच से सहयोग करने की बात को प्रस्ताव से हटाने का विरोध नहीं किया। ईरान, सऊदी अरब, और मिस्र मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, ताकि तनाव नियंत्रित हो सके। ये सारी बातें संकेत हैं कि भारत को अपनी राष्ट्रीय शक्ति पर ही भरोसा करना होगा। अच्छी बात है कि इस बारे में राष्ट्रीय राजनीति में पूरी आम सहमति दिखी है। इसलिए केंद्र को अब पाकिस्तान सामने राष्ट्रीय शक्ति के पूर्ण प्रदर्शन के लिए बेहिचक आगे बढ़ना चाहिए।

# मोदी के बदले के बयान में नेतन्याहू के मौजूद साक्षात उदाहरण

हरिशंकर व्यास



प्रधानमंत्री मोदी अंग्रेजी में बोले! वह भी बिहार की जनसभा में! कहा, 'हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी'। सवाल है पहलगाम की आंतकी घटना के दोषी कौन हैं? पुलिस ने जिन तीन आतंकवादियों के फोटो जारी किए हैं उनको खोजना, मारना, मिट्टी में मिलाने का काम वह सजा नहीं हो सकती है, जिस पर प्रधानमंत्री कहे कि उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। आतंकी तो मौत की तैयारी के निश्चय से ही बनता है। असल बाद आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने की है। और उसका हाल-फिलहाल ठोस उदाहरण इजराइल के नेतन्याहू देते हुए हैं। यहूदियों के साथ हमास के आतंकियों ने जो किया वह जगजाहिर है। उसके अधिक भयावह वारदात पहलगाम में मासूम पर्यटक हिंदुओं पर आतंकियों की बेरहमी थी। देश हिला और पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। भारत ने पहलगाम के दोषियों में सीधे तौर पर पाकिस्तान पर न केवल ऊंगली उठाई है, बल्कि उसके खिलाफ फैसले किए हैं। सो, दुनिया को साफ बता दिया कि पाकिस्तान दोषी है। स्वाभाविक है कि उसे वैसा ही सबक सीखना मोदी की कसम है, जैसे इजराइल के नेतन्याहू ने गाजा को मिट्टी में मिलाया है। आतंकियों के पैरोकार ईरान, लेबनान, यमन, सीरिया पर भी ढेरों मिसाइलें दागीं। हां, इस हवाबाजी का जीरो अर्थ है कि सिंधु जल संधि स्थगित करने से पाकिस्तान प्यासा मर जाएगा। उसकी सेहत पर इसलिए असर नहीं होना है क्योंकि भारत ने पानी रोकने याकि उसके संग्रह के लिए बांध, बैराज नहीं बनाए हुए हैं। भारत ने तुरंत पाकिस्तान को लक्षित करके जो भी कदम उठाए है उससे पाकिस्तान पर असर नहीं होना है। उलटे भारत को भी आर्थिक नुकसान होगा। असल बात प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से निकले ये वाक्य हैं कि, 'धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है'। इसका अर्थ है नेतन्याहू जैसी या उससे भी बड़ी बदले की कार्रवाई। आंतकवाद के खिलाफ जंग में पहले अमेरिका ने (9/11 के बाद) और हाल में दो वर्षों से इजराइल के नेतन्याहू ने प्रतिमान बनाया है। बुश और नेतन्याहू से भी ज्यादा भारी जुमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की जनसभा में कहा है। क्या यह कहना बिहार के आगामी चुनाव में लोगों के वोट लेने के लिए है या सचमुच आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान को मिट्टी में मिला देने या उसे हैसियत दिखाने की कसम है? गीदड़भभकी है, थोथा चना बाजे घना है या नेतन्याहू की तरह सैनिक अभियान का बिगुल है? गड़बड़ यह है कि बदला और खासकर देश की आन, बान शान से जुड़ी बदले की कार्रवाई का इरादा जनसभा में जाहिर नहीं होना चाहिए। हिसाब से भारत के लिए आदर्श स्थितियां हैं। दुनिया का कोई देश आज पाकिस्तान के साथ नहीं है। अमेरिका से चीन को जैसी परेशानी है उसमें वह भारत के खिलाफ नहीं जा सकता। पहलगाम की आतंकी घटना का बदला लेने की भारत की कार्रवाई में अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ, जापान आदि सभी देश भारत के साथ मौन रहेंगे। बावजूद इसके पाकिस्तान एटमी हथियारों से लैस तो है। दुनिया चिंता तो करेगी। हमास, लेबनान, ईरान आदि से बदला लेने की इजराइल की ग्राउंड रियलिटी में बहुत कुछ अलग है। जबकि पाकिस्तान का मसला अलग तरह का है। इसलिए लाख टके का सवाल है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है' का जुमला क्या हिसाब लगा कर बोला? क्या सेना भेजकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को लेने का लक्ष्य है ताकि वहां से ऑपरेट करने वाले आतंकियों का झंझट हमेशा के लिए खत्म हो? ऐसे ही नेतन्याहू ने सोच कर हमास के मददगार इलाकों पर सैनिक हमले किए। हाल में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को ले सरकार के कई मंत्रियों के बयान आए है। तो क्या पीओके पर कब्जे से भारत का बदला लेना पूरा होगा? कुल मिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के बदले के बयान में नेतन्याहू के मौजूद साक्षात उदाहरण से यह भारी सस्पेंस बना है कि कैसे भारत पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाता है!

## शब्द सामर्थ्य -037

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू- दोकू क्र. 037

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

(मातृ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह 01 से 07 मई 2025)

# माताओं के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक

(प्रशांत शर्मा-विनायक फीचर्स)

मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में प्रसव पूर्व और प्रसवकालीन मानसिक स्वास्थ्य (गर्भावस्था और प्रसव के बाद की अवधि) एक गंभीर लेकिन उपेक्षित मुद्दा बना हुआ है। हाल के वर्षों में प्रसवोत्तर अवसाद (Postpartum Depression) और चिंता विकारों के मामले बढ़े हैं, लेकिन इनसे निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है । विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सही समय पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ, तो माताओं और नवजात शिशुओं की स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. रविन्द्र अग्रवाल जी के अनुसार, "गर्भावस्था और प्रसव के बाद महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ आम हैं, लेकिन जागरूकता के अभाव में उनका सही समय पर इलाज नहीं हो पाता। इससे माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।"

आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक दबाव बढ़ा रहे हैं समस्या

विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण परिवारों में आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण मानसिक स्वास्थ्य उपचार को प्राथमिकता नहीं दी जाती। इसके अलावा, सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण महिलाएँ खुलकर अपनी मानसिक स्थिति पर चर्चा करने से भी हिचकती हैं।

मनोवैज्ञानिक तनुश्री शर्मा बताती हैं, "ग्रामीण समाज में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को कलंक के रूप में देखा जाता है। कई महिलाएँ अवसाद और तनाव से गुजरने के बावजूद किसी से मदद नहीं मांगतीं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है।÷

**प्रसवकालीन मानसिक स्वास्थ्य के प्रभाव**

माँ पर असर- प्रसवोत्तर अवसाद और तनाव से महिलाओं में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ सकती है।

बच्चे पर असर- मानसिक तनाव का असर नवजात के विकास पर पड़ता है, जिससे शारीरिक वृद्धि में बाधा आ सकती है।

**समाधान के लिए उठाए जा रहे कदम**

राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) के तहत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, कई गैर-सरकारी संगठन भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, ÷हम मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा बनाने पर काम कर रहे हैं। टेलीमेडिसिन सेवाओं और ऑनलाइन काउंसलिंग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**क्या किया जाना चाहिए?**

स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार- ग्रामीण अस्पतालों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की नियुक्ति। जागरूकता अभियान- रेडियो, टीवी और सोशल मीडिया के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी प्रसारित करना।

# राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में भागदौड़ करेंगे। इस राशि के छात्र जो किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। व्यापारियों को आज अधिक लाभ होगा। आज आपके स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव हो सकता है। ऑफिस के रुके कार्यों को आज पूरा करने में सफल होंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज जॉब पाने के कई अवसर मिलेंगे।

**वृषभ**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनाये रखेगा, साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे काम में आपकी राय मांगेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आएगा। ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य जीवन में शांति का वातावरण बना रहेगा। इस राशि के लवमेट आज घूमने जाएंगे।

**मिथुन**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा। पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिए आज का दिन अच्छा है। घर में सभी के साथ तालमेल अच्छा बना रहेगा।

**कर्क**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा, इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज किसी सामान की श्वस्छ्ह पूरी हो जाएगी, नया सामान लेने का मन बनायेंगे। आज बच्चे आपसे किसी निर्णय में आपकी राय मागेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन अच्छा रहेगा। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे। अपनी बात को सकारात्मक ढंग से लोगों के सामने रखेंगे, तो फायदा होगा।

**सिंह**
आज आपका दिन नई उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग, आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपकी बात करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के मौके बढ़ेंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। इस राशि के कपड़ा व्यापारी अपने कारोबार को और आगे तक ले जाने का विचार करेंगे। आज की गई मेहनत का पूरा फायदा आपको मिलेगा। घर के काम को समय से निपटा लेंगे।

**कन्या**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज आपका मन किसी रचनात्मक कार्य में लगेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होने वाला है। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बनेगा। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है। लवमेट आज काफी दिनों बाद कहीं बहार घूमने जा सकते हैं।

**तुला**
आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। अपने रुके कार्य को पूरी मेहनत से आज पूरा कर लेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा, साथ ही बच्चों के साथ पिकनिक का प्रोग्राम बना सकते हैं। बॉस आपकी मेहनत से खुश होंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिए दोस्तों से बहुत अच्छे सुझाव मिलेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे, उनके मन की बातों को समझेंगे। आज बाहर के ऑयली खाने को जहां तक हो सके अवॉयड करें। आज बिना किसी के मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। दोस्तों के साथ आज मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं।

**धनु**
आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। अपने बिजी दिन में कुछ समय अपने लिए निकालेंगे, उस समय में आप अपना पसंदीदा कार्य करेंगे। आज आप अपने बच्चों को लेकर शॉपिंग मॉल भी जाएंगे, जहां काफी खुश नजर आएंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की वृद्धि होगी।


**मकर**
आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे। आज बेटी के परीक्षा का अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आपकी टेंशन कम होंगी। आपको किसी रिश्तेदार को दिया धन वापस मिल जायेगा। साथ ही अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करने में बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा। जीवन की नकारात्मकता दूर होगी। आज सोशल मीडिया पर आपकी किसी पोस्ट को ज्यादा लाइक मिलेगा, आपके फॉलोअर्स बढ़ेंगे।

**कुंभ**
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा, जिससे पूरे दिन आप खुश रहेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से जाने न दें। आज आपकी कोशिशें कामयाब होंगी। आप पिता की जिम्मेदारियां निभाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज व्यापार में स्थिति अनुकूल बनी रहेगी। आपके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की तारीफ होगी, लोगों में सम्मान बढ़ेगा। अचानक धन लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में मधुरता आएगी, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। आज आपको आय के स्रोत मिलेंगे। आज बड़ों की सलाह मिलेगी, साथ ही आपका अच्छा संपर्क जुड़ेगा। आपको हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा। आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। दोस्तों से गिफ्ट मिल सकता है। पहले किए हुए कार्यों का आज आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

# भारत-पाक के बीच हुई, तो कौन किसके संग?

**कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की मौत के बाद वैश्विक स्तर पर भारत को व्यापक समर्थन मिल रहा है। लेकिन सवाल उठता है कि यदि भारत और पाकिस्तान के बीच जंग होती है तो कौन सा देश किसके साथ खड़ा नजर आएगा और कौन रहेग तटस्थ?**



- डॉ. केशव पाण्डेय

पहलगाम में हुआ आतंकी हमला देश की आत्मा पर प्रहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान से पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश है। आतंकी हमले के बाद भारत को वैश्विक स्तर पर व्यापक समर्थन मिला है। अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन समेत कई देशों ने आतंकवाद की निंदा करते हुए भारत के साथ संवेदना व्यक्त की है। हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा है और अटकलें लगाई जा रही हैं कि यदि दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष होता है, तो अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य कैसा होगा। लेकिन यक्ष प्रश्न है कि अगर भारत और पाक के बीच युद्ध के हालात बनते हैं तो फिर वैश्विक ताकतें किसके पक्ष में खड़ी होंगी? यदि पहले बीते हुए कल की बात करें तो पाते हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध के समय दुनिया दो धड़ों में बंट गई थी। एक ओर पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े थे, वहीं दूसरी ओर चीन, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देश रूस के समर्थन में दिखे। ऐसे में अगर भारत-पाक युद्ध की स्थिति बनती है, तो अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की स्थिति एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। अब मौजूदा हालातों पर नजर डाले, तो यदि जंग हुई तो भारत के पक्ष में कौन होगा? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यदि जंग होती है तो अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, इज़रायल, ऑस्ट्रेलिया और रूस जैसे देश भारत के समर्थन में आ सकते हैं। इन देशों के साथ भारत के रणनीतिक और कूटनीतिक संबंध गहरे हैं। आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति और



वैश्विक मंचों पर उसकी सक्रियता इनके साथ मजबूत रूप से खड़े होने पर मजबूर करती है।

हालांकि पहलगाम घटना के बाद से पाक ने कूटनीतिक प्रयास तेज किए हैं। पाक के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने चीन, ईरान और ब्रिटेन जैसे देशों से संपर्क किया। चीन ने त्वरित और निष्पक्ष जांच की मांग का समर्थन किया, लेकिन जांच में खुद शामिल होने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी से बातचीत में पाकिस्तान ने भारत के आरोपों को खारिज किया और संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। ईरान के राष्ट्रपति से भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने संपर्क कर क्षेत्रीय तनाव में मध्यस्थता की संभावना पर चर्चा की। लेकिन नतीजा अभी सिफर ही रहा।

इन सबके बीच अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह अभी भारत-पाक तनाव की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और दोनों देशों से संयम बरतने की अपील करता है।

हालांकि अमेरिका ने पहलगाम हमले की निंदा की है और भारत के प्रति सहानुभूति भी जताई है, बावजूद इसके वह किसी एक पक्ष के समर्थन में स्पष्ट रूप से खड़ा नजर नहीं आया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इस हमले पर चिंता व्यक्त की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता जताई है, लेकिन पाकिस्तान की सीधी आलोचना करने से परहेज किया है।

चीन और रूस की बात करें तो, इतिहास गवाह है कि रूस ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के समर्थन में कई बार वीटो का प्रयोग किया है। रूस के साथ भारत के सामरिक संबंध भी मजबूत रहे हैं। हालांकि हाल के वर्षों में रूस और पाकिस्तान के बीच सैन्य संवाद बढ़ा है, लेकिन भारत के साथ रूस की पारंपरिक साझेदारी अब भी बनी हुई है।

चीन ने कश्मीर मुद्दे पर अब तक पाकिस्तान का समर्थन किया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक संबंधों और अन्य रणनीतिक परियोजनाओं के कारण चीन पाकिस्तान के करीब है। लेकिन वह सीधे युद्ध समर्थन देने के बजाय संतुलित भाषा का प्रयोग करता रहा है।

जबकि ईरान और पाकिस्तान के बीच संबंध ऐतिहासिक रूप से सहयोगपूर्ण रहे हैं, लेकिन बलूचिस्तान और सीमा सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेद भी उभर कर सामने आते रहे हैं। पाकिस्तान ने ईरान से मध्यस्थता की अपील की है, लेकिन ईरान की आधिकारिक प्रतिक्रिया फिलहाल सीमित रही है।

ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत-पाक युद्ध की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य काफी उलझा हुआ है। भारत को पश्चिमी देशों, रूस, जापान और कई इस्लामिक देशों से भी समर्थन मिलने की संभावना है, जबकि पाकिस्तान की स्थिति अपेक्षाकृत अलग-थलग नजर आ रही है। दुनिया के अनेक देश ऐसे भी हैं जो फिलहाल तटस्थ रुख अपनाए हुए हैं और किसी के पक्ष में भी खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। दुनिया की महा शक्तियां इस तनाव को शांतिपूर्वक सुलझाने की बात कर रही हैं और किसी भी प्रकार के सैन्य टकराव या बड़े युद्ध से बचने की उम्मीद जता रही हैं। अब यह तो वक्त ही बताएगा कि मध्यस्थता से मामला सुलझेगा या आखिरी समाधान युद्ध ही होगा।

# रीवा में 13 परीक्षा केन्द्रों में आज होगी नीट यूजी की परीक्षा

**रीवा,कासं.।** रीवा में 13 परीक्षा केन्द्रों में 4 मई को नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में कहा है कि परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के लिए सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थी एनटीए वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करके उसका प्रिंट साथ रखें। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए दो पासपोर्ट आकार तथा एक पोस्टकार्ड साइज की फोटो एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति साथ रखना आवश्यक होगा। सभी परीक्षार्थी रिपोर्टिंग टाइम पर परीक्षा केन्द्र पहुंचकर अपना पंजीयन करा लें।

परीक्षा शांतिपूर्वक आयोजित करने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेगा। परीक्षार्थियों की अधिक संख्या तथा बड़ी संख्या में वाहनों के शहर में प्रवेश को ध्यान में रखकर 4 मई को शहर के कई प्रमुख मार्गों में ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले सभी परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में पहुंच जाएं जिससे समय पर पंजीयन किया जा सके। निर्धारित समय के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा है कि नीट यूजी परीक्षा के संबंध में कहा है कि सोशल मीडिया पर कई तथ्यहीन सूचनाएं मिल सकती हैं। ऐसे भ्रामक मैसेज से परीक्षार्थी सावधान रहें। किसी भी तरह का संदिग्ध मैसेज मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम को उसकी सूचना दें। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों और अपराधों के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 के प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सभी परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को नीट यूजी की परीक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

### परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचकर कराएं पंजीयन : कलेक्टर

### किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण और खाद्य पदार्थ ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

कलेक्टर ने कहा है कि नीट यूजी परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो तथा पासपोर्ट आकार की दो फोटो अवश्य साथ लाएं। इसके साथ-साथ किसी एक अधिकृत फोटो पहचान पत्र की मूल तथा वैध प्रति लेकर आना आवश्यक है। पारदर्शी बोतल में पानी लेकर आने की अनुमति रहेगी। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में जूते पहनने की अनुमति नहीं रहेगी लेकिन कम हील की सैण्डल अथवा चप्पल परीक्षार्थी पहन सकते हैं। परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हीटबैण्ड आदि ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। चश्मा, घड़ी, बेल्ट, कैप, हैण्डबैग, कैमरा, ब्रोसलेट तथा किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ का ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा। अपारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। परीक्षार्थी हल्के कपड़े पहनें जिनकी आस्तीन लंबी न हों। फैंसी पाकेट, जिपर, बैज आदि लगा न हो। छात्राएं किसी भी तरह के गहने अथवा धातु की बनी वस्तुओं को न पहनें। फैंसी और कढ़ाईदार कपड़े भी न पहनें। परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें।

परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित - नीट यूजी की परीक्षा के संबंध में उम्मीदवारों को सूचनाएं प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम कलेक्टर कार्यालय में बनाया गया है। इसका फोन नंबर 07662-255143 है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि कंट्रोल रूम 4 मई को सुबह से परीक्षा समाप्त होने तक चालू रहेगा। इसका प्रभारी अनिल दुबे संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को बनाया गया है। कंट्रोल रूम में सहायक प्रभारी के रूप में जीवेन्द्र सिंह परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को तैनात किया गया है। अपर कलेक्टर ने तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को 4 मई को कंट्रोल रूम अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यावाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा - जिला न्यायालय भवन और सर्किट हाउस का करेंगे लोकार्पण



**रीवा,कासं.।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10.05 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर सुबह 10.40 बजे जबलपुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11.50 बजे जबलपुर से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 12.25 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री दोपहर 12.45 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन परिसर पहुंचकर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे से आयोजित मंचीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह में सबसे पहले न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय श्री संजय द्विवेदी स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल का उद्बोधन होगा। इसके बाद समारोह में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश श्री संजीव सचदेवा उद्बोधन देंगे। इसके बाद समारोह में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुदेश कुमार कैत का उद्बोधन होगा। इसके बाद उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश श्री एससी शर्मा अपने विचार व्यक्त करेंगे। समारोह में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश श्री जेके माहेश्वरी अपना उद्बोधन देंगे। इसके बाद उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश श्री सूर्यकांत का उद्बोधन होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपना उद्बोधन देंगे। समारोह में आभार प्रदर्शन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री विशाल मिश्रा व्यक्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 2.45 बजे न्यायालय परिसर से प्रस्थान कर दोपहर 2.50 बजे सर्किट हाउस राजनिवास के नवीन खण्ड का विधिवत पूजन-अर्चन करके लोकार्पण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री नवनिर्मित भवन का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री नवनिर्मित भवन के सभागार में दोपहर 3.15 बजे नगर निगम द्वारा तैयार किए गए माई रीवा सिटीजन ऐप का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री नवनिर्मित भवन में गणमान्य नागरिकों से संवाद कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3.30 बजे राजनिवास से प्रस्थान कर दोपहर 3.45 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे तथा वायुयान से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जन अभियान परिषद द्वारा मटिहरा नदी के तट पर आयोजित हुआ जल संवाद

### मऊगंज में ग्रामीणों ने बोरी बंधान व नदी से गाद निकाल कर किया श्रमदान



**रीवा,कासं.।** जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मउगंज ज़िले के ग्राम अकौरी में मटिहरा नदी के तट पर जल संवाद एवम श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी श्री जय प्रकाश व संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक की उपस्थिति में सभी समाजसेवियों व ग्रामीणों द्वारा, नदी भराव क्षेत्र से गाद निकालकर साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में स्वामी जय प्रकाश ने ग्रामीणों व युवाओं को ग्राम जल संरचनाओं के संरक्षण व पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि आज जल और जल से जुड़ी संरचनाओं के संरक्षण की नितांत आवश्यकता है। यदि हम आगे आने वाली पीढ़ियों का कल सुरक्षित देखना चाहते हैं तो हमे आज पानी बचाना होगा। हमे अपने पूर्वजों से उनकी परम्परागत जल बचाने की तकनीकों को सीखना व अपनाना होगा। जल गंगा संवर्धन अभियान इन्ही विचारों पर केंद्रित महाभियान है। कार्यक्रम को समाजसेवी विक्रांत द्विवेदी, सरपंच अच्छेलाल साकेत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन नवांकुर संस्था प्रमुख हीरालाल सोंधिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अनीता मिश्रा, सुरेंद्र चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र शुक्ल, मुनि प्रसाद चतुर्वेदी, मेंटर राजरमन पटेल, रुद्र सिंह, देवेंद्र सोंधिया, पवन शर्मा, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, ग्रामीण व सीएमसीएलडीपी के छात्र व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय जेल में आयोजित हुआ स्वास्थ्य तथा विधिक साक्षरता शिविर



**रीवा,कासं.।** उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री विवेक अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश के सभी केन्द्रीय जेलों में विशेष मेडिकल कैम्प तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । केन्द्रीय जेल रीवा परिसर में प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान की अध्यक्षता में विशेष मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में संजय गांधी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिटी के 18 विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में 772 पुरूष एवं 144 महिला बंदियों तथा 08 बच्चों सहित कुल 916 बंदियों में 09 एचआईवी, 7 टीवी सहित अन्य बीमारियों का परिक्षण कर डॉक्टरों द्वारा इलाज कर दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री समीर मिश्रा, अपर सत्र न्यायाधीश श्री मोहित कुमार तथा श्री अभय मिश्रा जिला विधिक अधिकारी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पैनल अधिवक्ताओं द्वारा बंदियों को निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले एवं योगेश पमार, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती पूजा मिश्रा, चिकित्सक डॉ. पीयूश निगम, विवेक मौर्य, सुश्री प्रियंका धाकड़, सुरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय, अनीश कुमार पाण्डेय, श्रीमती आरती मिश्रा, भीम सिंह द्वारा शिविर में विशेष योगदान दिया गया ।



# कमिश्नर ने मुख्यमंत्री जी के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

**रीवा,कासं.।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री नवीन जिला न्यायालय भवन तथा सर्किट हाउस के नवीन खण्ड का लोकार्पण करेंगे। कमिश्नर बीएस जामोद ने दोनो कार्यक्रम स्थलों का दौरा करके तैयारियों का जायजा लिया। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, मंच व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, आमंत्रितों के बैठने की व्यवस्था तथा वाहनों की पार्किंग के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के समय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 बिलियन डॉलर के पार पहुंचा

**मुंबई ,एजेंसी।** आरबीआई के शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार आठवें सप्ताह बढ़कर 25 अप्रैल तक 688.13 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 1.98 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई। भंडार का विदेशी मुद्रा घटक 2.17 बिलियन डॉलर बढ़कर 580.66 बिलियन डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार का स्वर्ण भंडार घटक 207 मिलियन डॉलर घटकर 84.37 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.59 बिलियन डॉलर हो गया। रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई के पुनर्मूल्यांकन और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप से पिछले महीनों में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख अब पिछले दो महीनों में उलट गया है। इससे पहले, सितंबर 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को दर्शाती है और आरबीआई को रुपए में उतार-चढ़ाव आने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश देती है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपए को गिरने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी कर हाजिर और अग्रिम मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है। इसके विपरीत, घटते विदेशी मुद्रा भंडार से आरबीआई के पास रुपए को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए कम जगह बचती है। इस बीच, भारत का बाहरी क्षेत्र मजबूत हुआ है और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ ही विश्व व्यापार की धीमी गति के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में कुल निर्यात बढ़कर 824.9 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष के 778.1 बिलियन डॉलर के निर्यात आंकड़े की तुलना में 6.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच पूनम गुप्ता ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाला

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नई डिप्टी गवर्नर डॉ. पूनम गुप्ता ने शुक्रवार को पदभार संभाला और अब वे केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का हिस्सा होंगी। केंद्र सरकार ने उन्हें 2 अप्रैल को डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था। पदभार ग्रहण करने के दिन से उनका कार्यकाल तीन वर्ष या अगले आदेश तक रहेगा। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और उतार-चढ़ाव वाली मुद्रास्फीति दरों के बीच डॉ. गुप्ता की विशेषज्ञता महत्वपूर्ण होगी। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, डिप्टी गवर्नर के रूप में डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतरराष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इससे पहले, डॉ. गुप्ता नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में भी कार्य किया। एनसीएईआर में शामिल होने से पहले, डॉ. गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में लगभग दो दशकों तक वरिष्ठ पदों पर काम किया था। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड (यूएसए) में भी पढ़ाया और भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया।

# गुजरात ने हैदराबाद को हराकर दूसरे स्थान पर किया कब्जा, गिल और बटलर ने लगाए शानदार अर्धशतक



**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2025 के 51वें मैच में 38 रनों से हरा दिया है. इस जीत के साथ गुजरात ने 10 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक लेकर प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया है. वहीं हैदराबाद की टीम आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से लगभग बाहर हो गई है. एसआरएच 10 मैच के बाद 7 हार के बाद 6 अंकों के साथ 9वें स्थान पर मौजूद हैं.

इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीत और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया. गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 224 रन बनाए. हैदराबाद जीत के लिए मिले 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 186 रन ही बना पाई और 38 रनों से मैच हार गई.

गुजरात से जीत के लिए मिले 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन अभिषेक शर्मा ने बनाए. उन्होंने 41 बॉल में 4 चौके और 6 छक्कों के साथ 74 रनों की पारी खेली. ट्रेविस हेड ने 20 और हेनरिक क्लासेन ने 23 रनों का योगदान दिया. ईशान किशन सिर्फ 13 रन बना पाए. इसके बाद कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया और टीम हार गई. गुजरात के लिए मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट चटकाए जबकि इशांत शर्मा और गेराल्ड कोएट्जी को 1-1 विकेट मिला.

इससे पहले गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और जोस बटलर ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली. गिल ने 38 बॉल में 10 चौके और 3 छक्कों के साथ 76 रनों की पारी खेली. बटलर ने 34 बॉल में 3 चौके और 4 छक्कों के साथ 64 रनों की पारी खेली. इन दोनों के अलावा साई सुदर्शन ने भी 23 बॉल में 48 रनों की पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 9 चौके लगाए. उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने 16 बॉल में 21 रनों का योगदान दिया. हैदराबाद के लिए जयदेव उनादकट ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए. पैट कमिंस और जीशान अंसारी ने 1-1 विकेट चटकाया।

# साई सुदर्शन ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड, टी20 क्रिकेट में किया ये खास कारनामा




**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुजरात के लिए खेलते हुए एक खास उपलब्धि हासिल की है. बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 32 रन पार करते ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली है. इस उपलब्धि तक पहुंचकर वो 2000 टी20 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए. सबसे कम पारियों में 2000 टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शॉन मार्श सबसे ऊपर हैं. उन्होंने महज 53 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है. सुदर्शन ने 54 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और सबसे तेज 2000 टी20 रन बनाने का सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया. बता दें कि, 2011 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले तेंदुलकर ने 2011 में 59 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी. पिछले साल 23 वर्षीय सुदर्शन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान अपनी 32वीं पारी में इस प्रारूप में 1000 रन बनाए थे. सुदर्शन देवदत्त पडिक्कल (25), रोहन कदम (27) और तेंदुलकर (31) के बाद ऐसा करने वाले तीसरे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बन गए. तमिलनाडु के बल्लेबाज 1000 आईपीएल रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज भी बन गए थे, उन्होंने महज 25 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है।

# आरबीआई पैनल ने कॉल मनी मार्केट का समय बढ़ाकर शाम 7 बजे करने का दिया सुझाव




**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेटअप एक वर्किंग ग्रुप ने कॉल मनी मार्केट के लिए ट्रेडिंग के घंटे बढ़ाने की सिफारिश की है। ग्रुप ने सुझाव दिया है कि ट्रेडिंग विंडो शाम 5 बजे तक ओपन रखने के बजाय 2 घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक ओपन रखनी चाहिए। इस कदम का उद्देश्य बैंकों को रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम की जरूरतों के अनुरूप अपने फंड को बेहतर ढंग से मैनेज करने में मदद करना है। हालांकि, ग्रुप ने सरकारी प्रतिभूतियों, ब्याज दर डेरिवेटिव या विदेशी मुद्रा बाजारों जैसे दूसरे वित्तीय बाजारों के लिए ट्रेडिंग के घंटों में कोई बदलाव करने का सुझाव नहीं दिया। वर्किंग ग्रुप की अध्यक्षता राधा श्याम राठो ने की, जो आरबीआई में कार्यकारी निदेशक हैं। आरबीआई ने इस साल फरवरी में अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान इस ग्रुप के गठन की घोषणा की थी। ग्रुप की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टैंडअलोन प्राइमरी डीलर्स (एसपीडी) ने कॉल मनी मार्केट में लंबे समय तक ट्रेडिंग के घंटे मांगे थे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि रद्द किए गए लेनदेन को मिलाकर रिपोर्टिंग विंडो का समय शाम 7.30 बजे तक बढ़ाना चाहिए। रिपोर्ट में पिछले दशक में ओवरनाइट मनी मार्केट में दर्ज शानदार वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है। 2014-15 और 2024-25 के बीच, इस बाजार में वार्षिक कारोबार 281.37 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 1,324.05 लाख करोड़ रुपए हो गया। इस बीच, दैनिक औसत कारोबार 1.17 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 5.52 लाख करोड़ रुपए हो गया। यह तेज वृद्धि मुख्य रूप से बाजार के कोलैटरलाइज्ड सेगमेंट में वृद्धि के कारण हुई। इसी अवधि के दौरान इस सेगमेंट में कारोबार 245.27 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 1,296.62 लाख करोड़ रुपए हो गया। इसके विपरीत, अनकोलैटरलाइज्ड कॉल मनी मार्केट में कारोबार 36.10 लाख करोड़ रुपए से घटकर 27.42 लाख करोड़ रुपए हो गया।

# टीम इंडिया द्विपक्षीय सीरीज के लिए नहीं जाएगी बांग्लादेश?

### -पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंडराए खतरे के बादल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम तीन वनडे और 3 टी20 मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा वाली है लेकिन अब इस सीरीज पर खतरे के काले बादल मंडराते हुए नजर आ रहे हैं. भारतीय टीम के इस सीरीज के लिए बांग्लादेश जाने की संभावना नहीं है. भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के बीच तनाव के कारण भारतीय क्रिकेट टीम के द्विपक्षीय सीरीज के लिए बांग्लादेश जाने की संभावना नहीं है।

इस सीरीज के मैच ढाका में शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम और चटगांव में बीर श्रेष्ठो फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतिउर रहमान स्टेडियम खेले जाने वाले थे. पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक सेवानिवृत्त बांग्लादेशी मेजर जनरल की टिप्पणी के कारण भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ गया है. रिपोर्टों के अनुसार, एएलएम फजलुर रहमान ने सुझाव दिया कि अगर बांग्लादेश पहलगाम आतंकी हमले के बदले में पाकिस्तान पर हमला करता है तो उसे भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्यों पर आक्रमण कर कब्जा कर लेना चाहिए. इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी. नेशनल इंडिपेंडेंट कमीशन के अध्यक्ष रहमान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बंगाली में लिखा, अगर भारत पाकिस्तान पर हमला करता है तो बांग्लादेश को पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों पर कब्जा करना होगा. इस संबंध में मुझे लगता है कि चीन के साथ संयुक्त सैन्य व्यवस्था पर चर्चा शुरू करना जरूरी है. एशिया कप 2025 भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज के समापन के बाद सितंबर में निर्धारित है. हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद इसके शेड्यूल को लेकर अनिश्चितता है क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंध वर्तमान में आदर्श स्थिति में नहीं हैं।

# तेंदुओं का मूवमेंट बढ़ने से टाइगर रिजर्व से लगे गांवों में सुरक्षा अलर्ट जारी



**शिवपुरी ब्यूरो।** माधव नेशनल पार्क के टाइगर रिजर्व बनने के बाद तेंदुओं का जंगल से बाहर मूवमेंट बढ़ गया है। जिले के दो अलग-अलग नेशनल हाईवे पर तेंदुओं की मौजूदगी से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सुरवाया थाना क्षेत्र के एनएच 27 पर एक तेंदुआ शिकार की तलाश में हाईवे किनारे घूमता हुआ कैमरे में कैद हुआ। वहीं सतनबाड़ा क्षेत्र के एनएच 46 पर दो तेंदुओं को नीलगाय का शिकार करते हुए देखा गया, जिसका वीडियो सामने आया है। वन विभाग के अनुसार माधव नेशनल पार्क में वर्तमान में लगभग 150 तेंदुए हैं। हाल ही में पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है, जहां 7 बाघ सक्रिय रूप से विचरण कर रहे हैं और उन्होंने अपना क्षेत्र तय कर लिया है। बाघों के इलाके में तेंदुओं के न रहने की प्रवृत्ति के कारण वे जंगल से बाहर हाईवे और रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ रहे हैं। तेंदुओं की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए सतनबाड़ा थाना पुलिस ने टाइगर रिजर्व से लगे गांवों में सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। ग्रामीणों को रात में अकेले न निकलने और खुले में न सोने की हिदायत दी गई है। वन विभाग की टीम हाईवे और आसपास के इलाकों में निरंतर निगरानी कर रही है ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

## हादसे के बाद भागा कार ड्राइवर



**शिवपुरी ब्यूरो।** रन्नौद थाना क्षेत्र के माढ़ा गणेशखेड़ा गांव के पास आज एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो मासूम बच्चियों समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि टक्कर लगते ही चारों लोग सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में दो बच्चियों के अलावा एक बुजुर्ग और एक युवक शामिल है। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार इको कार ने टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही रन्नौद थाना प्रभारी अरविंद चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को तुरंत हटवाकर बदरवास के अस्पताल भिजवाया। हादसे में किशनलाल आदिवासी उम्र 57 वर्ष, बंटी पिता किशनलाल आदिवासी उम्र 27 वर्ष, पूनम पिता सियानंद आदिवासी उम्र 4 वर्ष और सलोनी पिता सियानंद आदिवासी उम्र 3 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी खोराना गांव के रहने वाले थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

**दो बाइकों की भिड़ंत, युवक की मौत**

शिवपुरी। शुक्रवार रात बाइक की टक्कर से 28 साल के युवक की मौत हो गई। घटना रन्नौद-पिछोर रोड पर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम गिलोंदरा निवासी कल्लू उर्फ बलवीर पिता मन्नू कुशवाहा के रूप में हुई है। बलवीर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक की किसी अन्य वाहन से टक्कर हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बलवीर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर एक अन्य बाइक के टूटे हुए हिस्से मिले हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हादसा दो बाइकों की आपसी टक्कर से हुआ होगा।

# राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड जून में प्रथम चरण की परीक्षा करेगा आयोजित

## प्रदेश में ड्रॉप-आउट की संख्या को कम करने के लिये किये जा रहे हैं प्रयास

**शिवपुरी ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड इस वर्ष जून माह में प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुत्तीर्ण छात्रों के लिये रूक जाना नहीं योजना में कक्षा 10वीं और 12वीं के साथ आ लौट चलें कक्षा 10वीं, 12वीं, ओपन स्कूल परम्परागत परीक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं, आईटीआई समकक्ष कक्षा 12वीं, सीबीएसई ऑन डिमांड कक्षा 12वीं की परीक्षा 2 जून 2025 से 2 पारियों में की जा रही हैं। प्रथम पारी में समस्त 12वीं कक्षा की परीक्षा तथा द्वितीय पारी में समस्त 10वीं, 8वीं और 5वीं की परीक्षा आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा की समय-सारणी मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये ई-मेल या मोबाईल ऐप- और फोन नम्बर-0755-2552106 से भी प्राप्त की जा सकती है।

**रूक जाना नहीं योजना**

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल से अनुतीर्ण हुए विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण वर्ष खराब नहीं हो, इस उद्देश्य से राज्य शासन की अनुमति से रूक जाना नहीं योजना का संचालन मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। इसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल में नियमित और स्वाध्यायी (प्रायवेट) रूप से शामिल अनुतीर्ण विद्यार्थियों को उसी वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने का अवसर प्रदान किया जाता है, जिसमें वे परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पुनः मुख्य धारा से जुड़ सकें। इस योजना का लाभ लेकर कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्तीर्ण करके उच्च अध्ययन के लिये अन्य संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। रूक जाना नहीं योजना में ऐसे विद्यार्थी, जो माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल अथवा सीबीएसई बोर्ड में वर्तमान सत्र की परीक्षा में अनुतीर्ण हो गये हों अथवा किसी कारणवश आवेदन करने के बाद भी परीक्षा से वंचित रह गये हों, ऐसे विद्यार्थी को अनावश्यक एक वर्ष खराब होने से बचाने के लिये बोर्ड द्वारा माह जून में पुनः उन्हीं के पाठ्यक्रम एवं ब्लू प्रिंट के आधार पर परीक्षा आयोजित की जाती हैं। परीक्षा समाप्ति के अधिकतम एक माह अर्थात जुलाई माह में विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाता है, जिससे विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को निरंतर कर सके। कोई विद्यार्थी यदि इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाता है, तो माह दिसंबर में राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा पुनः मौका दिया जाता है। संस्था ने रूक जाना नहीं योजना वर्ष 2016 से प्रारंभ की थी। यह योजना पायलेट प्रोजेक्ट योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के अनुतीर्ण छात्रों के लिये थी। सफलता के आधार पर इसे सीबीएसई के लिये ऑन डिमांड के आधार पर लागू किया गया है।

**आ लौट चलें योजना**

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रदान किये गये प्रदेश के ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को शिक्षा की मूल धारा में वापस जोड़ने के लिये विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में शामिल करने के लिये ऑनलाइन आवेदन किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इनका पाठ्यक्रम व ब्लू प्रिंट वही होता है, जो माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश में प्रचलित है, जिससे इन विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ाई करने में कोई परेशानी नहीं होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या कम करके सभी स्तरों पर शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण बिन्दु है। ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिये मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूलशिक्षा बोर्ड द्वारा आ लौट चलें योजना प्रारंभ की गई है। इसमें 14 से 18 वर्ष के ऐसे विद्यार्थी, जो कि स्कूलों से विभिन्न कारणों से ड्रॉप आउट हो गये हैं, उन्हें ओपन स्कूल के माध्यम से परीक्षा में शामिल कराकर मुख्य धारा से जोड़ने का अवसर दिया जा रहा है।

**ऑन डिमांड परीक्षा योजना**

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड में ऑन डिमांड परीक्षा योजना भी लागू है। इसके अंतर्गत देश के मान्यता प्राप्त बोर्ड के ऐसे विद्यार्थी एक या एक से अधिक विषयों में शामिल होकर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 15 दिवस में उत्तीर्ण करना चाहते हैं। ऐसे विद्यार्थी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में परीक्षा में विद्यार्थियों को केवल मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश एवं सीबीएसई के पाठ्यक्रम से ही परीक्षा में शामिल होने का प्रावधान रखा गया है।

# मौसम ने अचानक बदली करवट, एक घंटे तक बारिश, कोलारस में घरों में भरा पानी, आकाशीय बिजली गिरने से बाड़े में लगी आग



**शिवपुरी ब्यूरो।** शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। शहर में दोपहर 1:30 से 2:30 बजे के बीच रुक-रुक कर तेज बारिश हुई। इस दौरान तेज हवाएं भी चलीं। कोलारस विधानसभा क्षेत्र में मौसम का सबसे अधिक प्रभाव देखा गया। यहां आधे घंटे तक बारिश के साथ ओले भी गिरे। कोलारस, बदरवास और रन्नौद तहसील क्षेत्र में ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ गई है। रन्नौद तहसील के सुअन गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक ग्रामीण के बाड़े में आग लग गई। कोलारस क्षेत्र के गौरा टीला गांव में एक घंटे की तेज बारिश से कई घरों में पानी भर गया। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खनियाधाना क्षेत्र में आधे घंटे बारिश हुई। पोहरी, बैराड़, करैरा और नरवर तहसीलों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रदेश में सक्रिय चक्रवातीय प्रणाली और पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। आने वाले दिनों में भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है।

# दिवंगत पूर्व नपाध्यक्ष सांवलदास गुप्ता की सेवा कार्य कर मनाई पुण्यतिथि



**शिवपुरी ब्यूरो।** दिवंगत पूर्व नपाध्यक्ष स्व.श्री सांवलदास गुप्ता की नवमीं पुण्यतिथि के अवसर पर परिजनो के द्वारा सेवा कार्य करते हुए पुण्यतिथि मनाई गई और सेवा कार्यों के फलस्वरूप अपना घर आश्रम व गौशाला में पशुओं को चारा खिलाकर सेवा कार्य किए गए। इस अवसर पर सांवलदास गुप्ता परविार के समाजसेवी व सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता मौजूद रहे जिन्होंने दिवंगत अपने पूज्यपिता स्व.श्री सांवलदास गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। साथ पिताजी स्व.श्री सांवलदास गुप्ता को उनके नवम पुण्यस्मरण पर सादर नमन करते हुए भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि श्री चरणों में अर्पित की गई। इस अवसर पर सेवा कार्य करते हुए सांवलदास गुप्ता परिवार के द्वारा स्थानीय लुधावली गौशाला पर गायों को चारा सब्जियां खिलाया और अपना घर आश्रम पर बुजुर्गों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर सांवलदास गुप्ता परिवार के परिजन पुत्रगण रामविलास गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, अजय अरोरा, आनंद गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, अमन गुप्ता, प्रशांत गुप्ता व ऋतिक गर्ग आदि मौजूद रहे। सभी ने भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत बालिकाओं को वितरित किए प्रमाण पत्र




**शिवपुरी ब्यूरो।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत पूरे प्रदेश में 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कम्यूनिटी हॉल में मनाया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। लाड़ली लक्ष्मी क्लब एवं एक पेड़ लाड़ली के नाम वन स्टॉप सेंटर में लगाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हर बालिका शिक्षित हो और बाल विवाह जैसी कुरितीयॉं दूर हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेहा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, गायत्री शर्मा नगरपालिका अध्यक्ष, सुगंधा शर्मा बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, न्यायिक मजिस्ट्रेट रंजना दीक्षित, विधिक सहायता अधिकारी अंकिता, जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र सुन्दरियाल, पारियोजना अधिकारी नीलम पटैरिया, लाड़ली बालिकां, लाड़ली क्लव की अध्यक्ष, शौर्यदल सदस्य उपस्थित रहे। विशेष क्षेत्र में उपलब्धि वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। हैप्पी शर्मा द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंदरियाल ने बताया कि वर्तमान में शिवपुरी जिले में कुल 1,19,431 बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिसमें 1707.86 करोड़ की राशि का आश्वासन प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत करैरा विधानसभा में 24043 बालिका, पोहरी विधानसभा में 18,973 बालिका, शिवपुरी विधानसभा में 21,170 बालिका, पिछोर विधानसभा में 31,613 बालिका, कोलारस विधानसभा मं 23,632 बालिका पंजीकृत हैं। उल्लेखनीय है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को 2000 रूपये, कक्षा 9वीं में 4000 रूपये तथा कक्षा 11वीं, 12वीं में बालिकाओं को 6-6 हजार रूपये की छात्रवृत्ति की राशि सीधे बालिका के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। तथा जब बालिका कॉलेज में एडमिशन लेगी, तब प्रथम वर्ष में 12500 रूपये एवं अंतिम वर्ष में 12500 रूपये की राशि प्रदान की जायेगी तथ जब बालिका 12वीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण कर लेगी तथा 18 वर्ष की पूर्ण करने के बाद उसका विवाह होता है तो बालिका के 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर एक लाख की राशि प्रदान की जायेगी। इस प्रकार कुल 143000 रूपये की राशि लाड़ली लक्ष्मी बालिका को प्रदान की जाएगी।

# छर्च में मौसम परीक्षण का एयर बैलून नदी में गिरा, क्लाइमेट स्टडी के लिए छोड़ा गया था, ग्रामीणों ने खतरा समझ प्रशासन को सूचित किया



**शिवपुरी ब्यूरो।** पोहरी अनुविभाग के छर्च थाना क्षेत्र में शनिवार को एक एयर बैलून नदी में गिर गया। यह बैलून डिगदौली गांव के पास नदी में गिरा। ग्रामीणों ने इसे आसमान से गिरी कोई भारी वस्तु समझा। उन्होंने तुरंत प्रशासन को सूचित किया। जांच में सामने आया कि यह बैलून आगरा की एक मौसम परीक्षण एजेंसी का है। एजेंसी ने इसे श्योपुर जिले से छोड़ा था। यह क्लाइमेट स्टडी के लिए छोड़ा गया था। बैलून की नियमित लैंडिंग प्रस्तावित थी। लेकिन तकनीकी कारणों से यह अनियंत्रित हो गया। एडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला ने स्पष्ट किया कि यह मौसम परीक्षण की नियमित प्रक्रिया है। इसमें कोई खतरा नहीं है। इसमें कोई व्यक्ति सवार नहीं होता। जिला प्रशासन को इस बैलून के बारे में पहले से जानकारी थी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की तकनीकी चीजों को लेकर अफवाह न फैलाएं।

# अकाझिरी गांव में करंट लगने से कक्षा 6वीं के छात्र की मौत

**शिवपुरी ब्यूरो।** रन्नौद थाना क्षेत्र के अकाझिरी गांव में शुक्रवार की शाम को कक्षा 6 के छात्र पिंकेश लोधी उम्र 13 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के समय पिंकेश के माता-पिता ससुराल में एक शादी समारोह में गए हुए थे। उन्होंने घर और मवेशियों की देखभाल के लिए पिंकेश को अकेला छोड़ा था। शाम करीब 6 बजे पिंकेश घर में बिजली के तार की कुंडी लगाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान एक तार उसके हाथ से टकरा गया। पड़ोसी ने फोन कर परिवार को सूचना दी। पिता हरपाल लोधी ने अपने परिचित प्रमोद जैन को तुरंत घर भेजा। कुछ देर बाद हरपाल भी गांव पहुंचे। वे बेटे को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने पिंकेश को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम किया। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुगम व्यापार सुनिश्चित करने उद्योगों के समस्या निवारण हेतु अनुकूल समन्वय करें सभी विभाग-जिला कलक्टर




**धौलपुर ब्यूरो।** उद्यमियों को सुगम व्यापार का माहौल सुनिश्चित करने एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र, एकल खिडकी जिला सशक्त समिति एवं जिला निर्यात संवर्द्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में नीतिगत प्रोत्साहनों पर उद्यमियों को सुगम माहौल सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्योगों की वृद्धि को सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित समयावधि में अनापत्ति प्रमाण पत्र/अनुमोदन/अनुदानों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उद्यमियों को सुगमता प्रदान करने हेतु सभी सम्बंधित विभाग आपस में समन्वय करते हुए समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें। जिले में निवेशकों को आने वाली समस्या के समाधान हेतु विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र समिति में जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को निर्देश प्रदान किये कि निवेशकों को समयबद्ध तरीके से नये कनेक्शन प्रदान किये जाये। उन्होंने रीको, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद एवं संबंधित सभी विभागों को निवेशकों की सभी समस्याओं का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और उद्यमी भी साथ मिल कर जिले में सुगम व्यापार की संभावनाओं में सहयोग करें।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक मितुल गोयल ने उद्योगपतियों से संबंधित विभिन्न मामलों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक रीको धौलपुर पिंतेश मीना, अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल, उद्योगपति उपस्थित रहे।

# अनियमितता बरतने पर 9 दवा दुकानों के लाइसेंस निलम्बित

**धौलपुर ब्यूरो।** जिले में दवा दुकानदारों द्वारा अनियमितता बरतने पर सहायक औषधि नियंत्रक, भरतपुर द्वारा 9 दवा दुकानों लाइसेंस निलंबित किए गए है। इन दुकानदारों द्वारा निरीक्षण पुस्तिका संधारित न करना, फार्मासिस्ट अथवा योग्य व्यक्ति का दुकान से अनुपस्थित रहना, नियमानुसार शेडयूल 14-1 एवं एनडीपीएस दवाओं का विक्रय रिकॉर्ड सही से ना रखना आदि अनियमितता शामिल है। औषधि नियंत्रण अधिकारी अनुभव शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सहायक औषधि नियंत्रक भरतपुर को प्रस्तुत की जा रही है। इसी क्रम में दुकानों पर अनियमितता पाये जाने पर सहायक औषधि नियंत्रक भरतपुर द्वारा दुकानों के लाइसेंस को निलम्बित किया गया है। डीसीओ शर्मा ने बताया कि वीरेन्द्र मेडीकल एण्ड जनरल स्टोर बाड़ी रोड बसेडी,15 दिन के लिए, शिव मेडीकल स्टोर बसेडी रोड सैपऊ 10 दिन, हर्षिता मेडीकल स्टोर गुरूद्वारा रोड धौलपुर 07 दिन, श्री श्याम मेडीकल स्टोर अग्रवाल कोलोनी सरमथुरा 12 दिन, एस.आर. मेडीकल स्टोर राजाखेडा 05 दिन, ओशो मेडीकल स्टोर बसेडी 15 दिन भावना मेडीकल स्टोर धौलपुर 3 दिन, परमार फार्मा एण्ड जनरल स्टोर सैपऊ 05 दिन, महावीर जी फार्मा एण्ड जनरल स्टोर सैपऊ 05 दिन लिए लाइसेंस निलंबित किए गए है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान निलंबित दुकानदार अपनी दुकान पर कोई व्यवसाय नहीं कर सकते, व्यवसाय करते हुए पाये जाने पर दुकान का लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही औषधि नियंत्रण अधिकारी धौलपुर द्वारा रोटेशन के आधार पर जिले में एक दो दवा दुकानों को इमरजेंसी में जिला अस्पताल के पास खुली रखने के निर्देश जिला केमिस्ट ऐसोसिएशन को दिये है। रात्रि में खुलने वाली दुकानों के नंबर अस्पताल प्रशासन को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दवा विक्रेताओं की रैण्डम चैकिंग प्रतिमाह की जाती है एवं अनियमितता की रिपोर्ट कार्यवाही हेतु सहायक औषधि नियंत्रक को भेजी जाती है। भविष्य में भी एनडीपीएस दवा एवं एस सी एच - 1- ष्ट दवाओं के दुरुपयोग करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल संपत्ति स्थित ग्राम टीला तहसील करैरा में स्थित सर्वे नम्बर 1878 रकवा 0.43 हेक्टेयर में प्रागीलाल राय पुत्र श्री खुमान राय के हिस्सा में से सिर्फ एक मकान 30X50-1500वर्गफीट यानि 139.40 वर्गमीटर में हिस्सा 1/2 यानि 15X50=750 वर्गफीट यानि 69.70 वर्गमीटर तल मंजिल सम्पूर्ण निर्मित है। उक्त मकान में श्रीमति कुसुम राय पत्नी श्री प्रागीलाल राय को शामिल शरीक किया गया है। उक्त मकान की नाप इस प्रकार है कि पूर्व से पश्चि लम्बाई 50 फीट एवं उत्तर से दक्षिण चौड़ाई 30 फीट है जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है कि पूर्व में सहस्वामित्वकर्ता की भूमि, पश्चिम में----टीला रोड़ पिछोर रोड, उत्तर में बद्री प्रसाद राय का मकान, दक्षिण में सहस्वामित्वकर्ता की भूमि के बाद बीकेश राय का मकान स्थित है। उक्त संपत्ति से संबंधित रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख प्रागीलाल राय पुत्र श्री खुमान राय के द्वारा श्रीमति कुसुम राय पत्नी श्री प्रागीलाल राय के हित में किया गया है जिसका पंजीयन कमांक MP23IGR18612025A100250837 दिनांक 28.04.2025 है। उक्त संपत्ति प्रागीलाल राय को सभी सहखातेदारों के मध्य मौखिक बँटवारे में प्राप्त हुई है। जो कि वर्तमान में प्रागीलाल राय एंवं श्रीमति कुसुम राय के स्वत्व एवं स्वामित्व की होकर उनके कब्जे में है। प्रागीलाल राय पुत्र श्री खुमान राय एवं श्रीमति कुसुम राय पत्नी श्री प्रागीलाल राय, उक्त वर्णित संपत्ति को ए यू स्मॉल फायनेन्स बैंक लिमिटेड शाखा शिवपुरी में बंधक करके, ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि किसी भी व्यक्ति का अथवा संस्था का किसी भी प्रकार से उक्त संपत्ति में हित निहित हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के ए यू स्मॉल फायनेन्स बैंक लिमिटेड शाखा शिवपुरी, कार्यालय पर प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त ना होने की दशा में उक्त संपत्ति को ए यू स्मॉल फायनेन्स बैंक लिमिटेड शाखा शिवपुरी, द्वारा नियामानुसार साम्य बंधक कर लिया जावेगा तथा उक्त संपत्ति पर उक्त संस्था का प्रथम प्रभार रहेगा तथा इस सूचना पत्र में दी गई म्याद उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सूचक**
**ए यू स्मॉल फायनेन्स बैंक लिमिटेड शाखा शिवपुरी**
**द्वारा अधिकृत अधिवक्ता**
**राजीव शर्मा एडवोकेट**
**निवासी बिला नं ए-33, संतुष्टि कॉलोनी, शिवपुरी म0प्र**

# राहुल गांधी की अडिग लड़ाई और सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक जीत-राम पांडे

## जातिगत जनगणना से लेकर नीतिगत सुधारों तक बी.जे.पी. को झुकना पड़ा



**मुरैना,कांस।** नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी की दूरदर्शिता, अथक संघर्ष और जनहित के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता का ही परिणाम जातिगत जनगणना की घोषणा होना है। यह फैसला केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि राहुल गांधी की उस जुझारू और बुलंद आवाज का परिणाम है, जिसने भाजपा सरकार को बार-बार घुटने टेकने पर मजबूर किया है। मध्यप्रदेश की धरती से हम गर्व के साथ कहते हैं कि राहुल गांधी की यह जीत हर उस ओबीसी, दलित, और आदिवासी के से अपने हक से वंचित रहा है यह बात कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे ने जिला कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया, बल्कि भाजपा की वंचित-विरोधी नीतियों की पोल खोल दी। राहुल गाँधी जी ने 2023 भारत जोड़ो यात्रा, 2024 भारत जोड़ो न्याय यात्रा, संसद में, रैलियों में, प्रेस कॉन्फ्रेंस में, और सोशल मीडिया पर इस मु?द्दे को आंधी की तरह उठाया। 2024 लोकसभा चुनाव के कॉंग्रेस के घोषणापत्र में भी जातिगत जनगणना कराने का वादा किया। तेलंगाना के जातिगत सर्वेक्षण को एक पारदर्शी और समावेशी मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने 50त्न आरक्षण सीमा को हटाने की मांग उठाकर भाजपा की दलित, बिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को ललकारा है। यह राहुल गांधी का अडिग संकल्प और मध्यप्रदेश कांग्रेस का साथ था, जिसने भाजपा को इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मजबूर किया। हम मध्यप्रदेश की जनता की ओर से राहुल गांधी को इस शानदार जीत के लिए सलाम करते हैं। जातिगत जनगणना की यह जीत राहूल गांधी की उस सतत लड़ाई का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने बार-बार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को न केवल उजागर किया, बल्कि उन्हें वापस लेने के लिए बाध्य किया। उन्होंने कई भाजपा की नाकामियों को उजागर भी किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी राहुल गांधी के नेतृत्व में एक समावेशी, न्यायपूर्ण, और प्रगतिशील मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए कटिबद्ध है। हम मध्यप्रदेश की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि हम उनके हक की लड़ाई को और मजबूत करेंगे और भाजपा की हर जनविरोधी नीति का डटकर मुकाबला करेंगे।

उक्त मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, नगर निगम सभापति राधारमण डंडोतिया, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष, प्रवक्ता हरीश पाठक, गजेन्द्र सिंधी, किशन पंडित, रामू टुंडेलकर, अनिल गुर्जर, मेहताब मावई, पार्षद कद्दू खान, रघुवीर शर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीवार लेखन कर किया लोगों को जागरूक




**झुण्डपुरा।** नदी तालाब जैसे जलाशयों की सफाई व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अन्तर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा द्वारा जल संरक्षण के अन्तर्गत जागरुकता लाने के लिए दीवार लेखन अभियान कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया जिसमें सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं एवं नगर के लोगों को जागरूक करने के लिए जल स्रोतों के आसपास कचरा बोतल प्लास्टिक पन्नी उठाकर सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर दीवार लेखन कर जन मानस में जल संरक्षण हेतु चेतना का संचार हो सके इसके साथ जल स्रोतों को अभियान चलाकर सही किया जा सके और प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे जिससे स्थानीय लोगों को स्वच्छ जल निर्वाद्ध रुप से मिले इसलिए अभियान चलाकर हेडपंप तथा अन्य जल स्रोतों के आसपास साफ सफाई कर पुन जीवित किया जा रहा है जिससे सभी को स्वच्छ जल पीने के लिए मिल सके धर्मन्द्र राठौर द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही बताया हमें जन-जागरूकता लाना है जिससे अधिक से अधिक लोगों इस अभियान से जुड़े, श्रमदान कर जल स्रोतों के आसपास सफाई अभियान चलाकर अभियान को सफल बनाना है इस अवसर पर जल संरक्षण और साफ़ सफाई की शपथ दिलाई गई। उन्होंने ने कहा कि जल ही जीवन है हमें जल संसाधन का संरक्षण करने की आवश्यकता है साथ ही इसके लिए सभी में जागरूकता के लिए अभियान चलाकर जन सहयोग से जलाशयों के आसपास सफाई अभियान चलाया गया । धर्मेन्द्र राठौर उदय प्रताप सहित नगर के ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जनपद मुरैना में मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया।



**मुरैना,कांस।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा परियोजना मुरैना में जिला कार्यक्रम अधिकारी उपासना राय के निर्देशन में परियोजना मुरैना ग्रामीण अंतर्गत दो मई को लाडली लक्ष्मी दिवस के उपलक्ष्य में लाइली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन जनपद पंचायत सभागार मुरैना में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहर सिंह कंसाना की अध्यक्षता में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को स्वागत एवं सम्मान पूर्वक माल्यार्पण कर किया गया,कार्यक्रम अंतर्गत परियोजना स्तर पर गठित प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर लाडली लक्ष्मी क्लब की बालिकाओं को आमंत्रित किया गया एवं उन बालिकाओं को सम्मान देकर जनपद अध्यक्ष द्वारा लाडली लक्ष्मी बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस उपलक्ष्य पर अध्यक्ष द्वारा लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण परियोजना अधिकारी श्रीमती निशा शंखवार एवं समस्त मुरैना ग्रामीण की पर्यवेक्षक उपस्थित रही।



# शराब, चांदी आदि की तस्करी करने वालों के खिलाफ आरपीएफ का ऑपरेशन सतर्क

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में आरपीएफ ने किया सराहनीय कार्य



**झांसी।** मंडल के रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने ट्रेनों से तस?करी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत आरपीएफ को बड़ी कामयाबी हासिल हुई. भारी मात्रा में शराब और सोना-चांदी जब्त किए गए हैं. वर्ष भर चली कार्रवाई में 335.85 लीटर शराब बरामद किया। इसकी कीमत 6.65 लाख रुपये है। आपीएफ द्वारा ऑपरेशन सतर्क अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच चलाया गया। इसमें ट्रेन से ले जाए जा रहे अवैध शराब उत्पादों के 15 मामलों का पता चला था। इनमें 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कर चोरी के उद्देश्य से सोने/चांदी के आभूषण और नकदी रेल के माध्यम से ले जाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है. मंडल के आरपीएफ स्टाफ ने कर चोरी के ऐसे 4 मामलों का पता लगाया और 6 लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ द्वारा 136.017 किलो चांदी पकड़ी गई। इसकी कीमत 13.73 लाख रुपए है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन सतर्क के माध्यम से शराब, सोना चांदी की अवैध तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सराहनीय कार्य किया गया है।

# बीरपुर टीआई श्री गुर्जर ने जाम हटवाया,दी हिदायतें



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** वीरपुर थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर ने पुलिस बल के साथ सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया और अतिक्रमण हटवाकर जाम खुलवाया।गौरतलब है कि बीरपुर कस्बे की मुख्य सड़क की चौड़ाई बहुत कम है,इसके बावजूद बसें, ईरिक्शा,निजी कार जीप लोडिंग वाहन व हाथ ठेला वाले सड़क किनारे अतिक्रमण कर लेते है,इससे जाम लग जाता है। शनिवार को फिर जाम की स्थिति बनते ही टीआई श्री गुर्जर स्वयं सड़क पर उतरे।उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि आपको बार-बार बताया जा रहा है कि वाहनों को सड़क पर खड़ा ना करें। सड़क से करीब 15 फीट जगह छोड़कर खड़ा करें। ट्रैफिक व्यवस्था खराब होती है, लोगों को निकालने में परेशानी होती है।उन्होंने चेतावनी दी कि अपने-अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा ना करें, ना ही सड़क के किनारे खड़ा करें, यदि ऐसा किया तो आपके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि पेट्रोल पंप से लेकर गैस एजेंसी तक वीरपुर थाना प्रभारी श्री गुर्जर सुबह दोपहर शाम को स्वयं भृमण करते हैं व व्यवस्था बिगाड़ने वालों को समझाइश भी देते है।उन्होंने मुख्य बाजार में भी व्यापारियों को समझाइश दी कि दुकानों के आगे सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करे।

# जाटव समाज की महापंचायत आज

## विधायक फूल सिंह बरैया होंगे मुख्य अतिथि



**मुरैना,कांस।** जाटव समाज पर जिले में हो रहे अन्य अन्या य-अत्याचार के विरोध में जाटव समाज की महापंचायत आज दिनांक 4 मई रविवार 2025 सुबह 10:00 बजे मेला ग्राउंड मुरैना में जाटवों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है इसमें मुख्य रूप से श्री फूल सिंह बरैया विधायक भांडेर, श्रीमती शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी महापौर न. नि. मुरैना श्री केशव देसाई विधायक गोहद, श्री प्रदीप अहिरवार पूर्व राज्य मंत्री, श्री अशोक अर्गल पूर्व सांसद, सुनील बैरसिया प्रदेश अध्यक्ष भीम आर्मी, सत्येंद्र विद्रोही प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी समाज के बुद्धिजीवी उपस्थित रहेंगे।

# उत्तर मध्य रेलवे बना देश में ऊर्जा संरक्षण का अग्रणी ज़ोन

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) का बिजली विभाग पर्यावरण संरक्षण और सतत ऊर्जा उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक मिशन के रूप में आगे बढ़ा रहा है। एनसीआर ने अपने कार्यालय भवनों को शून्य और शून्य-प्लस ऊर्जा प्रमाणीकरण दिलाने की दिशा में एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की है, जो देशभर में रेलवे द्वारा हरित ऊर्जा को अपनाने की दिशा में एक मिसाल है। इस योजना के अंतर्गत भवनों की कुल ऊर्जा खपत का आकलन कर, विश्वस्तरीय तकनीकों और सौर पैनलों की सहायता से उनकी ऊर्जा आवश्यकताओं की आपूर्ति स्व-निर्भर तरीके से की जाती है। परिणामस्वरूप, इन भवनों को ऊर्जा संरक्षण ब्यूरो (बीईई) द्वारा शून्य और शून्य-प्लस प्रमाणपत्र जारी किया गया है।

**वर्ष 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियाँ :**

एनसीआर के 10 भवनों को BEE द्वारा शून्य/शून्य-प्लस प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। इसमें धौलपुर (राजस्थान) का यात्री आरक्षण कार्यालय, झांसी के वैगन मरम्मत कारखाना परिसर का प्रशिक्षण केंद्र, अलीगढ़ का पार्सल कार्यालय, कानपुर विद्युत लोको शेड के 4 भवन और महाप्रबंधक कार्यालय प्रयागराज के 3 भवन शामिल हैं।

**भविष्य की संभावनाएँ :**

अगले चरण में 19 भवनों की पहचान की गई है, जिनमें BEE प्रमाणीकरण की पूर्ण संभावना है। इसमें सूबेदारगंज स्टेशन, एम.डी.डी.टी.आई. कानपुर, खजुराहो और टीकमगढ़ स्टेशन, झांसी वैगन कारखाने के कई भवन आदि शामिल हैं।

**सौर ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति :**

वर्ष 2024-25 (अप्रैल से मार्च) में एनसीआर द्वारा 12.7 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्रों से 11.87 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया गया। इससे 5.34 करोड़ की बचत हुई और लगभग 9968 मीट्रिक टन $CO_2$ उत्सर्जन रोका गया।

**आगामी योजना :**

जून 2025 तक 17.84 मेगावाट के नए सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे सालाना 32.3 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन और 14.9 करोड़ की अनुमानित बचत होगी। इससे 27187 मीट्रिक टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आएगी।

**राष्ट्रीय मान्यता :**

ऊर्जा संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2023 (जोनल रेलवे श्रेणी), उत्तर प्रदेश ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2024 (प्रथम स्थान), और सूबेदारगंज स्टेशन को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्राप्त हुआ है। उत्तर मध्य रेलवे अपनी हरित ऊर्जा पहल के माध्यम से रेलवे नेटवर्क को पर्यावरण के अनुकूल, सस्टेनेबल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

# डभैरा से टेंटरा के आगे वाले बाईपास का एलाइनमेंट बदलकर नहर से निकाला जाए

## किसानों ने प्रदर्शन कर सोपें व्यक्तिगत आवेदन






**सबलगढ़।** डभैरा से टेंटरा के आगे तक एमएस रोड राष्टीय राज मार्ग 552 का बाईपास निकल जाना प्रस्तावित है। इसमें सैकड़ो किसानों की बेशकीमती, बहुफसली, व्यावसायिक भूमि अधिग्रहित की जा रही है। मुआवजे के नाम पर किसानों को सरकारी रेट से धनराशि का भुगतान किया जाएगा। इस तरह की घोषणाएं की गई है। किसानों की जमीन भी जाएगी और मुआवजा भी नहीं मिलेगा किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे। किसान लगातार मांग कर रहे हैं कि इस बायपास रोड का एलाइनमेंट बदलकर इसे नहर कैनाल से निकल जाए। जिससे लंबाई भी कम होगी, लागत भी कम लगेगी और सड़क मजबूत बनेगी और नहर का सुदृढीकरण भी हो जाएगा। इसके लिए किसान मुख्यमंत्री के नाम और कलेक्टर के नाम दो बार ज्ञापन दे चुके हैं। आज सैकड़ो किसानों ने इकट्ठे होकर कृषि उपज मंडी से वाहन रैली निकालकर, अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन करके व्यक्तिगत आवेदन प्रस्तुत किए। किसानों की ओर से 262 आवेदन व्यक्तिगत रूप से किए गए हैं। आगे और भी आवेदन दिए जाने का किसानों ने संकल्प लिया है। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में यह प्रावधान है कि यदि बहुतायत संख्या में किसान किसी परियोजना का विरोध करते हैं तो उसे रद्द या परिवर्तित कर दिया जाएगा। किसानों ने इसका अनुपालन करने और एलाइनमेंट बदलने की मांग पुरजोर उठाई है। इस आंदोलन की अगुवाई मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़, जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़, पदम सिंह जादौन, नरेश गोस्वामी, निसारूद्दीन खान, रामकुमार सक्सेना, मांगीलाल धाकड़, हेमराज रावत,रामवीर त्यागी , रामेश्वर सिंह रावत ,लक्ष्मी रावत, नानिकराम त्यागी, आदि ने किया।

ज्ञापन और व्यक्तिगत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व माहौर को प्रस्तुत किए गए। उन्होंने किसानों की समस्याओं को समझते हुए आगामी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। किसानों ने शेष रह गए किसानों के व्यक्तिगत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने और 20 मई को सैकड़ो की संख्या में किसानों को लामबंद करके कलेक्ट्रेट पर जन सत्याग्रह करने का भी संकल्प लिया है।

## मदिरा दुकान परसोटा दुकान के बारे खबर प्रकाशित हुई, जिसकी जांच पर तथ्य सही नहीं पाये

**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले में संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 में वर्णित सामान्य प्रयुक्ति नियम 1 में वर्णित अनुसार आपत्ति रहित स्थल पर संचालित हो रहीं हैं। जिसमें 03. मई को एक स्थानीय अखबार में कम्पोजिट मदिरा दुकान परसोटा एवं अन्य के बारे में विधायक जौरा के हवाले से खबर प्रकाशित की गयी है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र गुर्जर के द्वारा आबकारी उप निरीक्षक, वृत्त जौरा से जांच करायी गयी। प्राप्त जांच प्रतिवेदन में खबर में प्रकाशित तथ्य सही नहीं होने से खवर असत्य पाई गयी ।

# जल जीवन मिशन योजना के कार्यों का निरीक्षण कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस द्वारा किया गया।



**सतना।** जिले की महत्वाकांक्षी योजना सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना एवं सतना बाणसागर 2 समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन में बधावों के निराकरण के लिए दिनांक 03/05/2025 को कलेक्टर सतना द्वारा दौरा किया गया है / ज्ञात है कि सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना से जिले के दो विकासखंड - उंचेहरा एवं रामपुर बघेलान के ग्रामों में पेयजल प्रदाय किया जाना है और सतना बाणसागर 2 समूह जल प्रदाय योजना से जिले के शेष तीन विकासखंड- सोहावल, नागोद, एवं मझगवां के ग्रामों में पेयजल प्रदाय किया जाना है / फेज 2 से जिले के नगरीय क्षेत्रों- रामपुर, कोटर, चित्रकूट, नागोद, बिरसिंगपुर, जैतवारा, एवं कोठी में भी पेयजल प्रदाय किया जाना है / योजना को पूर्ण करने में पेयजल की पाइपलाइन एवं पी डब्लू डी के ब्रिज और पेयजल की पाइपलाइन एवं एन वी डी ए के नहरें एक दूसरे को काट रही है एक समस्या बनी हुई है / इंटरसेक्शन बिंदुओं पर पेयजल की पाइपलाइन का संरेखण, ब्रिज का संरेखण एवं नहर का संरेखण का निर्णय कलेक्टर के द्वारा मौके पर लिया गया / इस दौरान कलेक्टर के द्वारा रामपुर बघेलान के बम्हौरी ग्राम में पेयजल की पाइपलाइन एवं पी डब्लू डी के ब्रिज के संरेखण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्णय लिए गए, इसी तरह रामपुर बघेलान के बीदा ग्राम में एवं उंचेहरा के लालपुर ग्राम में पेयजल की पाइपलाइन का संरेखण एवं एन वी डी ए के नहर के संरेखण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्णय लिए गए / दौरे में फेज 2 योजना के अंतर्गत रामपुर बघेलान के ग्राम जमुना में एम एस पाइप के मैन्युफैक्क्रिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया गया है / दोनों योजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए म प्र जल निगम सतना के विभागीय अधिकारी श्री विवेक कुमार को निर्देश दिए गए है / दौरे में एस डी एम रामपुर बघेलान श्री आर एन खरे, एन वी डी ए के जिला अधिकारी सतना एवं मैहर क्रमशः श्री जागृत भगत एवं श्री आर एल रॉय , तहसीलदार रामपुर बघेलान, तहसीलदार उंचेहरा, एवं जल निगम के ठेकेदार इत्यादि उपस्थित रहे /



# सबलगढ़ में व्यापारी की आँखों में मिर्ची झोंककर 6 लाख की लूट

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** सबलगढ़ में अज्ञात बदमाशों ने एक व्यापारी की आंखों में मिर्ची झोंककर 6 लाख की लूट को अंजाम दिया है।घटना शनिवार को सायंकाल 8 बजे के करीब सुनहरा रोड मण्डी गेट के सामने उस समय घटित हुई जब व्यापारी संजय गोयल मण्डी सन्तर दो से बाइक से रुपये से भरा बैग लेकर सुनहरा रोडस्थित अपने घर जा रहा था।अभी वह मण्डी गेट के सामने से गुजर रहा था तभी बदमाशों ने उक्त घटना को अंजाम दिया घटना की खबर मिलते ही टीआई श्रीमती राजकुमारी परमार घटनास्थल पर पहुंच गई व मामले की जांच में जुट गई।उन्होंने अनेक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तलाश की किंतु लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा है।इस सनसनीखेज वारदात से व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

# औद्योगिक भू-खण्डों के आवंटन के लिये 15 मई तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित

**मुरैना,कांस।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुरैना जिले में स्थित औद्योगिक क्षेत्र कुटरावली तहसील कैलारस में रिक्त औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन के लिये 01 मई से पूर्वान्ह 11 से 15 मई, 2025 को अपरान्ह 05 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किये गये है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल MPMSME.GOV.IN पर पर संपादित की जायेगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मुरैना के महाप्रबंधक ने बताया है कि प्रत्येक भू-खण्ड के लिये आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजि (premium) की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भू-खण्डों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा। नियम, प्रक्रिया एवं भू-खण्ड आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की बेवसाइट MPMSME.GOV.IN से प्राप्त की जा सकती है।

# कृषि एवं उद्यानिकी में नवाचार और उन्नत तकनीकों से बढ़ाएंगे उत्पादन क्षमता : मुख्यमंत्री

**भोपाल ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से सम्पन्न हो रहा है। नीति आयोग के अनुसार मध्यप्रदेश, देश में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाला राज्य है। आने वाले समय में प्रगति की गति और तेज होने वाली है। राज्य सरकार कृषकों को बिजली में आत्मनिर्भर बनाने जा रही है। अब किसान सौर ऊर्जा से स्वयं बिजली बनाएंगे और पम्प चलाएंगे। उनके द्वारा अपनी आवश्यकता से अधिक बिजली पैदा करने पर राज्य सरकार किसानों से बिजली खरीदेगी और उसका भुगतान भी करेगी। किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि पर सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। पांच, तीन, दो हार्स पॉवर तक के सौर पम्प के लिए मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराने पर शेष राशि राज्य सरकार द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से किसानों को बिजली के बिल से मुक्ति मिलेगी। तीन साल में 32 लाख सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। किसान, कृषि पम्प चलाने, घर में बिजली के उपयोग या अन्य प्रयोजनों के लिए अपनी बिजली स्वयं बना सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीतामऊ (मंदसौर) में कृषि उद्योग समागम - 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदसौर, नीमच क्षेत्र के किसानों द्वारा ली जा रही विविधतापूर्ण उपजों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा इसे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही सीतामऊ में उन्नत कृषि पर केन्द्रित यह आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदेशी तकनीक से लेकर स्थानीय जुगाड़ तक को प्रोत्साहित करते हुए खेती को फायदेमंद बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हम उन्नत खेती को उद्योग का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं, इसीलिए कृषि उत्पादों के उचित मूल्य, लंबे समय तक संधारण और स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों का लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रयास जारी हैं। मध्यप्रदेश में संतरा, केला सहित कई महत्वपूर्ण उत्पाद बड़ी मात्रा में होते हैं। इनकी ब्रांडिंग भी हमारे प्रदेश के नाम पर हो, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी किसानों को उन्नत कृषि अपनाने और बागवानी, फलोद्यान, प्रसंस्करण सहित कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियां अपनाते हुए सम्पन्न बनने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरवाई जलाने की जानकारी सेटेलाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। गेहूं की फसल के बाद बचे अवशेष में आग लगाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से नरवाई जलाने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के निराकरण के लिए मशीनें उपलब्ध कराई जा रही है और उन पर अनुदान की व्यवस्था भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ों परियोजना





से उज्जैन संभाग के सभी किसानों की जिन्दगी बदलेगी। हर खेत तक सिंचाई के लिये पानी पहुँचेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गौपालन को प्रोत्साहित कर दुग्ध उत्पादन की क्षमता बढ़ाई जा रही है। गौमाता हमारी संस्कृति की प्रतीक हैं, गाय-भैंस पालन को प्रोत्साहित करने के लिए 25 गाय-भैंस पालने पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का उत्पादन वर्तमान में 9 प्रतिशत है, इसे हमें 20 प्रतिशत तक ले जाना है। किसानों को 200 गाय-भैंस पालन अर्थात 8 यूनिट तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। दूध-दही हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है, ÷जिसके घर गाय वह गोपाल और जिस के घर गाय का कुल वह घर गोकुल÷ का भाव हमारा परिवेश में रचा-बसा है। अच्छी खेती के साथ दूध उत्पादन, बागवानी, फलोद्यान जैसी गतिविधियां बढ़ाने के लिए भी राज्य सरकार अनुदान उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपना जीवन उपयोगी बनाने के लिए, किसान खेत की एक-एक इंच जमीन को बेहतर बनाएं। प्रदेश के हर जनपद में एक-एक वृंदावन गांव विकसित किया जाएगा, जहां उन्नत कृषि के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ स्कूल-कॉलेज सहित सभी अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बेसहारा, लावारिस, अपाहिज गौमाता की देख-रेख के लिए 20 रूपए के स्थान पर 40 रूपए प्रति गाय की दर से अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ने आपदा में तत्काल मदद करने के उद्देश्य से एयर एम्बुलेंस सेवा का संचालन आरंभ किया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि विगत दिनों ही गांधी सागर क्षेत्र में चीते छोड़े गए हैं। इससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय निवासियों को होम-स्टे सहित अन्य पर्यटन गतिविधियों के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। कृषि, बागवानी, उद्योग-धंधों, धार्मिक सहित सभी प्रकार की पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रदेशवासियों की आय बढ़ाना राज्य सरकार का उद्देश्य है और इस दिशा में प्रतिबद्धतापूर्वक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। महिला, गरीब, युवा और किसान सभी का जीवन बेहतर बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पाटन में

# सिविल अस्पताल और नुनसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण

**रीवा, ब्यूरो।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को अपने प्रवास के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में जबलपुर जिले को दो बड़ी सौगात दीं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जहाँ पाटन में करीब 12 करोड़ की लागत से बने सौ बिस्तरों के सिविल अस्पताल भवन का शुभारंभ किया, वहीं नुनसर में लगभग 2 करोड़ 90 लाख रुपये से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन को आम जनता को समर्पित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ इंफ्राट्रक्चर के विस्तार के लिये नए स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं तथा मौजूदा स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन किया जा रहा है। दवाइयाँ एवं सभी जरूरी पैथालॉजी जांच एवं चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है तथा डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफ की नियुक्ति की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने पाटन, कटंगी और मझौली क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का पूरा श्रेय विधायक श्री



अजय विश्नोई को दिया और उन्हें एक विजनरी लीडर बताया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नुनसर के लोकार्पण समारोह को सांसद श्री आशीष दुबे एवं विधायक श्री अजय विश्नोई ने भी संबोधित किया तथा इस सौगात के लिये क्षेत्र की जनता की ओर से उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का आभार व्यक्त किया। समारोह में पाटन नगर परिषद के अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह, श्री राजकुमार पटेल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक भी मौजूद थे।

## एमपी ट्रांसको रतलाम में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल ब्यूरो।**मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के तत्वावधान में काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं जिला रोगी कल्याण समिति रतलाम के सहयोग से रतलाम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन तकनीक (सीपीआर) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।सीपीआर प्रशिक्षण के साथ हुई स्वास्थ्य जांचशिविर के दौरान डॉ. राजेश मैडा एवं डॉ. शीतल पाटीदार के निर्देशन में चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा सीपीआर सहित विभिन्न जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एमपी ट्रांसको के कर्मचारियों की मधुमेह, रक्तचाप, दंत परीक्षण आदि की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श भी दिया गया।गर्मी के मौसम में लू, सड़क दुर्घटनाओं एवं विद्युत से संबंधित दुर्घटनाओं से बचाव के लिये जन-जागरूकता भी इस शिविर का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य था।

नीमच, देवास, सिवनी एवं शिवपुरी में परमाणु

# परियोजनाओं की स्थापना में सहयोग के लिये समिति गठित

**भोपाल ब्यूरो।**राज्य शासन ने एनटीपीसी द्वारा प्रदेश में परमाणु परियोजनाओं की स्थापना के लिए नीचम, देवास, सिवनी एवं शिवपुरी जिलों में चिन्हित 4 स्थलों पर परमाणु परियोजनाओं की स्थापना में सहयोग प्रदान करने के लिए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई की अध्यक्षता में ज्वाइंट वर्किंग कमेटी का गठन किया है।समिति में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव जल संसाधन, पर्यावरण, राजस्व, वन और कलेक्टर नीमच, देवास, सिवनी, शिवपुरी, कार्यपालक निदेशक परमाणु एनटीपीसी मुम्बई तथा श्री ए.पी. सनल महाप्रबंधक परमाणु एनटीपीसी मुम्बई को सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री संदेश जायसवाल महाप्रबंधक परमाणु एनटीपीसी भोपाल समिति के संयोजक होंगे।समिति द्वारा भू-अधिग्रहण के पूर्व परियोजना अध्ययन



में स्थानीय प्रशासन को मार्गदर्शन दिया। समिति द्वारा प्रस्तावित स्थलों के परिप्रेक्ष्य में भूमि अधिग्रहण/क्रय आदि में एनटीपीसी समिति द्वारा जल उपलब्धता एवं आवंटन के लिये समन्वय किया जायेगा। समिति द्वारा समस्त वैधानिक स्वीकृतियाँ जिनमें वन भूमि यदि कोई हो, के लिये समन्वय किया जायेगा। समिति द्वारा प्रस्तावित परियोजना से विद्युत की निकासी के लिए आवश्यक भूमि तथा अधोसंरचना के विकास में समन्वय किया जायेगा। समिति द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन के लिये आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न वैकल्पिक स्वीकृतियों तथा सार्वजनिक सुनवाई, भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृतियाँ, पर्यावरणीय स्वीकृति राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल से स्वीकृति के लिये समन्वय किया जायेगा। एनटीपीसी द्वारा परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी समय-समय पर समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी, जिसके आधार पर समिति द्वारा आवश्यक समन्वय किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने गभाना तहसील दिवस में जनसमस्याओं का कराया निस्तारण

## अधिकारी समय का सदुपयोग करते हुए समस्याओं का कराएं निस्तारण

**अलीगढ़,ब्यूरो।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में गभाना में समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को सुनने पहुंचे डीएम ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गम्भीरता से सुन अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। श्री रंजन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जनसामान्य को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का



उद्देश्य जन समस्याओं का प्रभावी समाधान है, अतः सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह समय का सदुपयोग करते हुए समस्याओं का निस्तारण कराएं।

यदि किसी अधिकारी के पास कोई शिकायती प्रकरण नहीं है तो पूर्व निस्तारित शिकायतों की गुणवत्ता को जांचें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस अवसर पर एडीएम वित्त मीनू राणा, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी, डीडीओ आलोक आर्य, उपजिलाधिकारी गभाना विनीत मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तोमर, तहसीलदार उदयवीर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से श्री नाथजी मंदिर, नाथद्वारा के गोस्वामी विशाल बावा साहब ने की भेंट

**भोपाल ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा के गोस्वामी तिलकायत चिरंजीवी 105 विशाल बावा साहब ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोस्वामी विशाल बावा साहब का शॉल व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। साथ ही प्रदेश में संचालित सांस्कृतिक-आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गोस्वामी जी ने अंगवस्त्रम तथा श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा का प्रसाद भेंट किया।

## अब तक लगभग 16 हजार ग्रामीण कृषकों ने लिया मात्र 5 रुपये में कृषि पंप नवीन विद्युत कनेक्शन

**भोपाल ब्यूरो।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्य क्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। योजना प्रारंभ से अब तक इस योजना का लाभ 16 हजार 545 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कृषि पम्पों के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाए जाने हेतु ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं उनको सुविधानुसार आसानी से स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है।4 हजार ग्रामीण उपभोक्ताओं ने लिया।

# समय-सीमा में कार्य नहीं होने पर किया जाएगा ब्लैक लिस्ट : खाद्य मंत्री राजपूत

**भोपाल ब्यूरो।**नल-जल योजना के काम समय-सीमा में नहीं होने पर निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सरपंच, ग्रामवासी और निर्माण एजेंसी का सहयोग, समन्वय कर कार्य कराए। साथ ही नल-जल योजना की सामग्री चोरी और क्षतिग्रस्त होने पर एफआईआर की कार्रवाई करें। कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों का रेस्टोरेशन गुणवत्ता के साथ करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश सागर में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रही नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान दिए। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं का क्रियान्वयन करें।मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बगैर देरी के पानी की समस्या का निदान किया जाये। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर लूप लाइन डालें। साथ में बूस्टर पंप भी लगाएं, जिससे कि ग्रामवासियों को प्रेशर के साथ पानी उपलब्ध हो सके। मंत्री श्री राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र की एक-एक ग्राम की समीक्षा करते हुए सरपंच, संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की, उनकी समस्या सुनी और उनका निदान करने के भी निर्देश दिए।मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सभी सरपंच अपने ग्राम की इस प्रकार की कार्य योजना तैयार करें जिस प्रकार वह अपने घर की योजना तैयार करते हैं और उसी तरह कार्य करें। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना के कार्य पूरा होने पर ग्राम पंचायत स्तर पर 100 रुपए प्रति घर कनेक्शन के हिसाब से किराया लें और उसका संधारण करें।

उन्होंने कहा कि सरपंच यह भी देखें कि ग्राम की नल-जल योजना क्षतिग्रस्त न हो पाए और कोई भी सामग्री चोरी न जाए और यदि ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर करायें। मंत्री श्री राजपूत ने मैराथन बैठक लेते हुए 200 गांव के जनप्रतिनिधियों को सुना और उनकी समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने कहा कि नल-जल योजनाओं के सभी कनेक्शन घरों के अंदर लगाएं। हैंड पम्पों के पास रिचार्ज पिट बनाएं, जिससे पानी का स्तर बढ़ सके। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी ग्रामों के पुराने नदी नाले, बावड़ी को पुनर्जीवित करने के लिए सरपंच के साथ सभी ग्रामवासी आगे आए।

## बैंडबाजों के साथ निकला ब्राह्मण सभा मुरार का चल समारोह

**ग्वालियर।** भगवान परशुराम की शोभायात्रा में फैलने वाले कचरे और ग्लास पत्तल को ब्राह्मण समाज लोगों ने खुद उठाया। इस पहल का आगाज किया है ब्राह्मण सभा मुरार द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा घासमंडी मुरार परशुराम मंदिर से पुजारियों एवं संतों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना कर 56 भोग प्रसादी लगाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला मंत्री म.प्र. शासन एवं विशेष अतिथि हेमंत कटारे उपनेता प्रतिपक्ष विधानसभा, पंकज उपाध्याय विधायक जौरा, अमरीश शर्मा विधायक लहार, जयप्रकाश राजौरिया जिला अध्यक्ष भाजपा शामिल हुए।

# सिंगाजी-पीथमपुर 400 के.वही. लाइन के लंबित ओ.पी.जी.डब्ल्यू. कार्य पूर्ण

**भोपाल ब्यूरो।** प्रदेश की प्रमुख संत सिंगाजी थर्मल पॉवर हाउस खंडवा-पीथमपुर 400 के.वही. डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन जल्द प्रारंभ होगी। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने बताया कि लंबे समय से लंबित ओ.पी.जी.डब्ल्यू. (ऑप्टिकल फाइबर ग्राउंड वायर) स्थापित करने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। ओ.पी.जी.डब्ल्यू. कार्य को खरगोन जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से संपन्न किया गया।इस तकनीकी उपलब्धि से न केवल ट्रांसमिशन लाइन को आकाशीय बिजली से सुरक्षा मिली है, बल्कि इससे उच्च गति के डाटा ट्रांसफर का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। एम.पी. ट्रांसको की अधीक्षण अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना ने बताया कि यह कार्य खरगोन जिले की सनावद तहसील के ग्राम सताजाना और कालबरड़ क्षेत्र से गुजरने वाले लगभग 4 किलोमीटर के हिस्से में गंभीर राइट ऑफ वे (आर.ओ.डब्ल्यू.) समस्याओं के चलते पिछले 5 वर्षों से लंबित था।

एम.पी. ट्रांसको की यह पहली क्वाडमूस कंडक्टर से निर्मित 140 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन है, जिसमें ओ.पी.जी.डब्ल्यू. स्थापना के पश्चात तेज डाटा संचार एवं ट्रांसमिशन प्रणाली के नए आयाम जुड़ गए हैं। इससे स्काडा प्रणाली, सब-स्टेशनों के रिमोट ऑपरेशन, ट्रांसमिशन प्रोटेक्शन और मॉनिटरिंग डेटा अब जी.एस.एम. की बजाय तीव्र और विश्वसनीय फाइबर ऑप्टिक माध्यम से संचरित होंगे। साथ ही इस लाइन में उपलब्ध डार्क फाइबर को संचार कंपनियों को लीज पर भी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954